


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 02 सितंबर 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 14 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 353 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 हिंदी भी पकड़े अंग्रेजी वाले राह

दोनों के बीच आएदिन लड़ाई होती रहती थी : एश्वर्या राय 6









## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को धन शोधन मामले में ईडी ने किया गिरफ्तार, सुबह घर पर मारा था छापा

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में जांच के तहत सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनसे संबद्ध कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी के राष्ट्रीय राजधानी में ओखला इलाके में स्थित अमानतुल्लाह खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया गया। विधायक के खिलाफ धन शोधन का मामला दो प्राथमिकी से जुड़ा है। वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं के आरोप में खान के खिलाफ एक प्राथमिकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज कराई थी जबकि दूसरी प्राथमिकी आय से अधिक संपत्ति मामले में दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दर्ज कराई थी। सूत्रों ने कहा कि खान (50) ने ईडी के कम से कम 10 समन को नजरअंदाज किया। आखिरी बार वह अप्रैल में ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए थे। विधायक और उनकी पार्टी ने सबसे पहले सुबह छह बजकर 29 मिनट पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस खबर का खुलासा किया कि ईडी की टीम उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उनके ओखला स्थित घर पर पहुंची है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भी एक वीडियो पोस्ट किया।

एक्स पर आप नेता मनीष सिसोदिया ने पोस्ट किया कि ईडी के लिए एकमात्र काम भाजपा के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना और उसका मनोबल तोड़ना है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग नहीं टूटते, उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया जाता है।

## पत्नी की चापड़ से हत्या करने के बाद पति ने लगायी फांसी

- सात माह पहले ही हुई थी दोनों की शादी
- मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर लगाया बेटी- दामाद की हत्या का आरोप
- पत्नी पर शक करता था पति,महिला थाना में समझौता के बाद ससुराल लौटी थी दिलकश

मेट्रो रेज

**सरायकेला :** कपाली ओपी अंतर्गत ताज नगर साहिन कॉलोनी में वाले मो. हुसैन मोबिन (25) ने चापड़ से अपनी पत्नी दिलकश नगमा (19) की हत्या कर खुद फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। कपाली पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया है। दिलकश के चेहरे, गर्दन और सिर पर चापड़ से हमला किया गया है। इसके अलावा भी कई जगहों पर हल्के चोट के निशान पाये गये हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से चापड़, खून का सैंपल सहित कई अन्य सामान जब्त किया है। घटना रविवार देर रात की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर से ही मो हुसैन और दिलकश के बीच विवाद चल रहा था। उसके बाद परिवार के लोगों ने मामले को शांत कराया। फिर रात को सभी खाना खाने के बाद अपने - अपने कमरे में सोने के लिए चले गये। सोमवार सुबह जब काफी देर तक दोनों कमरे से बाहर नहीं निकले तो हुसैन के



परिवार के लोगों ने उन लोगों को उठाने के लिए दरवाजा खटखटया। मगर दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। दरवाजा तोड़ने के बाद परिजनों ने देखा कि दिलकश का शव खून से सना हुआ कमरे में पड़ा हुआ है और हुसैन फंदे से लटका हुआ है। दोनों के शव को देख कर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद कपाली पुलिस फौरन दल बल के साथ मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

**बेटी- दामाद की हत्या का आरोप , हंगामा :** वहीं दूसरी ओर दिलकश के मायके के लोग भी काफी संख्या में पहुंच कर हंगामा करना शुरू किया। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों के साथ मारपीट करने का प्रयास भी किया। मायके पक्ष के लोगों ने मो हुसैन के परिवार पर बेटी - दामाद की हत्या का आरोप लगाया है। मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि हुसैन के माता-पिता और परिवार के अन्य लोगों ने उनके दामाद और बेटी की हत्या कर दी है। उसके बाद दामाद के शव को फंदे से लटका दिया है। इसी बात को लेकर मायके पक्ष से आये दर्जनों ने लोगों ने घटना स्थल पर जम कर हंगामा मचाया। लेकिन पुलिस ने ससुराल पक्ष के सभी लोगों को सुरक्षित करते हुए एक कमरे में बंद किया। उसके बाद पुलिस ने मामला को शांत कराया।

**शादी के एक माह के बाद से ही दंपत्ति में शुरू हो गया था विवाद :** मिली जानकारी के अनुसार मो हुसैन और दिलकश की शादी सात माह पूर्व हुई थी। दिलकश का मायके कपाली टीओपी के पास है। शादी के एक माह के बाद ही हुसैन का दिलकश से विवाद शुरू हो गया था। पुलिस ने बताया कि हुसैन अपनी पत्नी पर शक करता था कि वह किसी और से बात करती है। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया था कि हुसैन उसकी पिटाई भी करता था। इस दौरान दिलकश ने सरायकेला महिला थाना में भी पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। जिसके बाद 15 दिन पूर्व ही दोनों पक्ष की महिला थाना में समझौता हुआ था। समझौता के दौरान यह भी तय हुआ था कि पति- पत्नी किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं करेंगे। उसके बाद करीब छह दिन पूर्व ही दिलकश मायके से अपने ससुराल आयी थी। ससुराल आने के बाद घटना के एक दिन पूर्व भी दोनों का झगड़ा हुआ था।

**चार माह की गर्भवती थी दिलकश :** परिवार के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार दिलकश चार माह की गर्भवती भी थी। उसका इलाज भी चल रहा था। लेकिन गर्भवती होने की बात की पुष्टी अभी पक्की नहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है। पोस्टमार्टम के सभी बिंदुओं के बारे में पक्की जानकारी मिली पायेगी। हत्या कैसे हुई और कहां- कहां चोट के निशान है

## सड़क निर्माण कार्य में लगे डोजर और रोलर में उग्रवादियों ने लगायी आग, लेवी की मांग

**बोकारो:** सड़क निर्माण कार्य में लगे एक डोजर और रोलर में उग्रवादियों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। यह घटना रविवार की देर रात की है। पीएलएफआई उग्रवादी संगठन ने लेवी के लिए जैनामोड़ा से गोला तक सड़क निर्माण करा रही एनजी प्रोजेक्ट कंपनी के डोजर और रोलर को आग के हवाले कर दिया। घटना बोकारो के जरीडीह थाना क्षेत्र के कोचागोड़ा के पास घटी है। आगजनी के बाद पीएलएफआई के केंद्रीय संगठन ने यादव जी के नाम से मौके पर कई



पोस्टर भी छोड़े हैं।

पांच करोड़ की लेवी मांगी गयी: पोस्टर में पीएलएफआई ने पांच करोड़ रुपये नहीं देने पर काम करने पर रोक लगाने की बात कही है। रकम दिये बिना काम करने पर जान-माल समेत अन्य सामानों की क्षति की बात कही गयी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिया, वहीं देर रात फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। जानकारी के मुताबिक 24 अगस्त को भी पीएलएफआई ने पोस्टर लगाकर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना के बाद कंपनी के मजदूरों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। थाने से महज डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

## डीजल कारें बनाना बंद करें कंपनियां नहीं तो बेचना हो जाएगा मुश्किल: गडकरी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीआईआई के एक कार्यक्रम के दौरान डीजल गाड़ियों के संबंध में एक बड़ी बात कही है। केंदुनीय मंत्री ने कहा कि जल्द ही डीजल को अलविदा कह दीजिए। इतना ही नहीं मंत्री ने कार निमार्ता कंपनियों से डीजल वाहनों का निर्माण बंद करने की भी अपील की है। नितिन गडकरी का कहना है कि अगर जल्द ही डीजल गाड़ियों का निर्माण बंद नहीं किया गया तो वे इन गाड़ियों पर इतना टैक्स लगा देंगे कि इन्हें बेचना मुश्किल हो जाएगा। गडकरी के कहा-हमें जल्द ही पेट्रोल-डीजल को छोड़कर प्रदूषण मुक्त होने की नई राह पर चलना होगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ईंधन से होने वाले प्रदूषण और इसके आयात को कम करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। गडकरी ने ये भी कहा कि मैं वित्त मंत्री से डीजल वाहनों पर 10 फीसदी अतिरिक्त जीएसटी की मांग करूंगा। इससे पहले नितिन गडकरी ने अपनी कार का जिक्र करते हुए कहा था कि मेरी कार



इथेनॉल से चलती है। अगर आप पेट्रोल से इस कार की तुलना करेंगे तो 25 रुपये प्रति किलोमीटर का खर्च पड़ता है, जबकि इथेनॉल से इससे भी कम पड़ता है। एक लीटर इथेनॉल पर 60 रुपये का खर्च आता है, जबकि पेट्रोल का रेट 120 से ऊपर है।

नितिन गडकरी ने ये भी कहा था कि मैं चाहता हूं कि अगले 10 सालों में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों को पूरी तरह से हटा दिया जाए। गडकरी ने बताया कि आज के समय में इलेक्ट्रिक स्कूटर, कार और बस एक बेहतरीन ऑप्शन के रूप में सामने आए हैं। अगर आप डीजल पर 100 रुपये खर्च करेंगे, तो इलेक्ट्रिसिटी केवल 4 रुपये लेगी।

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

## आप किसी का घर कैसे गिरा सकते हैं?



**नर्द दिल्ली:** विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या कोई किसी का भी घर सिर्फ इसलिए तबाह कर सकता है, क्योंकि वह आरोपी है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है तो उसका घर बिना तय कानून के तबाह नहीं किया जा सकता।

'दोषी का घर भी नहीं गिराया जा सकता': जस्टिस बीआर गवई ने मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, 'सिर्फ इसलिए घर कैसे गिराया जा सकता है कि वह आरोपी है? अगर वह दोषी है तो भी घर नहीं गिराया जा सकता।

**केंद्र सरकार का तर्क- कानून का उल्लंघन करने पर ही होती है कार्रवाई :** सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि कानून का उल्लंघन होने पर घरों को गिराया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम तभी कार्रवाई करते हैं जब कानून का उल्लंघन होता है।' इसके जवाब में पीठ ने कहा, 'लेकिन शिकायतों को देखते हुए, हमें लगता है कि उल्लंघन हुआ है।' न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने पूरे राज्य में अनधिकृत इमारतों को ध्वस्त करने के लिए एक दिशानिर्देश की आवश्यकता पर भी गौर किया। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'सुझाव आने दीजिए। हम अखिल भारतीय स्तर पर दिशानिर्देश जारी करेंगे'।

## तेलंगाना-आंध्र प्रदेश में भारी बारिश से तबाही : 19 लोगों की मौत, 99 ट्रेनें कैंसिल,एनडीआरएफ की 26 टीमें तैनात

**नयी दिल्ली:** तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से हालात नाजुक हो गये हैं। बाढ़ के कारण दोनों राज्यों के अधिकतर इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रेलवे और बस सेवाओं पर असर पड़ा है। खबरों के अनुसार एनडीआरएफ की 26 टीमें तैनात की गयी हैं। प्रभावित इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। बाढ़ के कारण 19 लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों राज्यों में 99 ट्रेनें कैंसिल होने और 54 ट्रेनों को डायवर्ट किये जाने की सूचना है। यहां की नदियां उफान पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का कहना है कि 1998 के बाद ऐसी बाढ़ देखी है। 17 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ से प्रभावित होने वालों की संख्या शहर में 2.76 लाख हैं। विजयवाड़ा और गुंटूर शहर पूरी तरह से जलमग्न हैं। विजयवाड़ा-गुंटूर नेशनल हाईवे और विजयवाड़ा-हैदराबाद नेशनल हाईवे भी बाढ़ से प्रभावित हैं। जानकारी दी गयी है कि 100 से ज्यादा राहत शिविरों में 17 हजार लोग रह रहे हैं। 1.1 लाख हेक्टेयर जमीन पर फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गयी है।

## चार्जशीट दायर होने के बाद भी एफआईआर रद्द कर सकता है हाई कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यदि हाई कोर्ट को लगता है कि कार्यवाही जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा, तो हाई कोर्ट को सीआरपीसी की धारा 482 के तहत चार्जशीट दायर होने के बाद भी एफआईआर को रद्द करने का अधिकार है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्ज्वल भुयन की बैंच ने आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता के एक मामले में शिकायतकर्ता एक महिला के सास-ससुर और पति के खिलाफ दर्ज एफआईआर और चार्जशीट को खारिज कर दिया। अदालत ने गुजरात हाई कोर्ट द्वारा एफआईआर को खारिज करने से



इनकार करने के खिलाफ शिकायतकर्ता के सास-ससुर और पति द्वारा दायर अपील को स्वीकार कर लिया। शिकायतकर्ता महिला ने 2002 में अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने और उसके पति ने 2004 में आपसी सहमति से तलाक ले लिया था। गुजरात हाई कोर्ट ने 14 सितंबर, 2011 को महिला के पति और सास-ससुर द्वारा दायर केस रद्द करने की अर्जी खारिज कर दी थी, क्योंकि जांच अधिकारी ने केस में चार्जशीट दायर कर दी थी और अपीलकताओं के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनाया गया था।

हाई कोर्ट के उस फैसले अपीलकताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर वर्तमान अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि 30 मई, 2023 को नोटिस दिए जाने के बावजूद शिकायतकर्ता महिला अपील का विरोध करने के लिए अदालत में उपस्थित नहीं हुई, जैसा कि दो दिसंबर, 2023 की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता और उसके पति ने 2004 में अपने वैवाहिक संबंध तोड़ लिए थे और दोनों अपने-अपने जीवन में अच्छी तरह से व्यवस्थित थे। कोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता महिला अपने वैवाहिक जीवन को बाधित नहीं करना चाहती थी और उसने अदालत की वर्तमान कार्यवाही में भाग नहीं लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप अस्पष्ट और सामान्य प्रकृति के थे। इसलिए, कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एफआईआर और चार्जशीट को केवल अपीलकताओं के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला दिखने के कारण सुनवाई के लिए आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने अभिषेक बनाम मध्य प्रदेश राज्य सहित कई मिसालों का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि हाई कोर्ट के पास चार्जशीट दायर होने के बाद भी सीआरपीसी की धारा 482 के तहत एफआईआर को रद्द करने की शक्ति है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए एफआईआर, चार्जशीट और इससे उत्पन्न होने वाली अन्य सभी कार्यवाहियों को रद्द करके पक्षों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को खत्म कर दिया।

न्यूज ब्रीफ



## लोटा में रखा गया उलिहातु का संकल्पित मिट्टी

**मुरी :** जय झारखंड, बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे के साथ देवेन्द्र नाथ महतो ने उलिहातु में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ लोकप्रिय नेता दमयंती मुंडा समेत सैकड़ों लोग इसके गवाह बने। वहीं उलिहातु से कलश में मिट्टी लेकर लोटा शहीद रघुनाथ महतो स्थल पर पहुंचे जहां मिट्टी को स्थापित किया। जन सभा को संबोधित करते हुए देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि जिस अधिकार और अरमान के लिए झारखंड को अलग राज्य मांगा गया है उसी के लिए झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा प्रारंभ किया गया। यह यात्रा सांस्कृतिक तरीके से संपन्न किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु से आरंभ किया गया। सांस्कृत नेगाचारी से बिरसा मुंडा जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भगवान बिरसा के वंशज ने देवेंद्रनाथ महतो को तीर धनुष एवं मसाल प्रदान किया। इसके बाद शहीद रघुनाथ महतो शहादत स्थल लोटा सिल्ली में आशीर्वाद ग्रहण किया गया। महिला मोर्चा अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने जानकारी देते हुए कहा कि जन्मस्थली से संकल्पित मिट्टी को लेकर उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो झारखंड अलग के सपनों एवं शहीदों के अरमानों को पूरा करने हेतु क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। इस महा यात्रा में मुख्य रूप से सचिव गोपेश्वर महतो, फलिंदर करमाली, विमल मास्टर, सूरज नारायण, सुभाष महतो, डॉ रविंद्र महतो,मार्शल , मुरी से चरण महतो, सीरिया महतो, जाकिर खान, रामाकांत व अन्य ने योगदान दिया।

## बूंदयारू में अधिकार महासम्मेलन का आयोजन



**सिल्ली :** सिल्ली विस क्षेत्र के रामदोह घाट बूंदयारू में रविवार को अधिकार महासम्मेलन का आयोजन किया गया। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में बसंतपुर एवं बनसिया पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने कहा झारखंड के निर्माण के 24 वर्ष गुजर रहे हैं, लेकिन यहां के आदिवासी और मुलवासी जिसने अलग राज्य के लिए सबसे बड़ा योगदान और बलिदान दिया, आज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है, यहां के लोगों का विकास नहीं, बल्कि विनाश हो रहा है, क्योंकि जल, जंगल और जमीन के मुख्य आधार को बालू और पत्थर माफियाओं के जरिये नष्ट किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप लोग प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने को मजबूर हो गया है। आगे उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद उच्च पदों पर बैठे लोग करोड़पति बन गये हैं, जबकि यहां के आदिवासी- मुलवासी युवा रोजी-रोटी की तलाश में बंगाल, बिहार, दिल्ली, गुजरात और मुंबई की सड़कों पर भटकने को विवश हैं। राजनीतिक दल के विधायक और सासंद 24 वर्षों से यहां के लोगों का उत्थान की केवल बातें कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को चेताया कि यदि समय रहते जागरूक नहीं हुए, तो उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा और बाहरी लोग राज करेंगे। मुंडा ने आगामी विधान सभा चुनाव लड़ने के लिए अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर महेन्द्र अहिर, सुरेश मुंडा, फिरन हजाम, छोटन लोहरा,कान्हाई सिंह मुंडा,दिवेश्वर लोहरा,दिगम बड़ाईक, जगदीश चन्द्र कार्जी, जीतवाहन हजाम, दिलेश्वर प्रमाणिक, खिरोधर सिंह मुंडा पाटी महली, एंव बसंतपुर, बंसिया पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे। महासम्मेलन का संचालन जगदीश चंद्र कार्जी ने किया।

## रेनबो रिवर वॉटर पार्क में शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन



**रांची:** रेनबो रिवर वॉटर पार्क के मालिक हेमंत कुमार ओहदार व शिशिर कुमार कुशवाहा के सौजन्य से पार्क में एक शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपसिति गणमान्य लोगों ने खूबसूरत वॉटर पार्क को घूमकर देखा और मनोरम दृश्य का आनंद उठाया। इस अवसर पर वॉटर पार्क मालिक ने बताया कि यह वॉटर पार्क रांची का चौथा और झारखंड का पाचवां वॉटर पार्क होगा। वॉटर पार्क मालिक द्वारा लजीज भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में गुमला जिले के सिसई विधानसभा के पूर्व विधायक व झारखंड राज्य के पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव , भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हुसैनाबाद विधान सभा के भावी उम्मीदवार सह जिला कार्य समिति सदस्य पलामू राम राज मेहता,भाजपा रांची जिला ग्रामीण मंत्री चूड़ामणि महतो , कृषि जैविक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक,कामेश्वर महतो , कृषि सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुशवाहा शिव चरण महतो , युवा नेता राजेश रंजन , भाजपा कार्यकर्ता शशांक कुमार ओहदार ,समाजसेवी किशोर साहू , हेमंत तांबेकर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जेबीकेएसएस ने की झारखंड नवनिर्माण यात्रा की शुरूआत



**रांची:** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा झारखंड नवनिर्माण यात्रा प्रारंभ किया गया। यह यात्रा सांस्कृतिक तरीके से संपन्न किया गया। संगठन के कार्यकर्ता समेत हजारों जनसाधारण शामिल रहे। लोगों में झारखंड नवनिर्माण यात्रा को लेकर जोश एवं उत्साह देखा गया। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के गरिमामई उपस्थिति में वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो द्वारा यात्रा का नेतृत्व किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु से आरंभ किया गया। सांस्कृत नेगाचारी से बिरसा मुंडा जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भगवान बिरसा के वंशज ने जयराम महतो एवं देवेंद्रनाथ महतो को तीर धनुष एवं मसाल प्रदान किया। इसके बाद शहिद रघुनाथ महतो जी शहादत स्थल लोटा सिल्ली में आशीर्वाद ग्रहण किया गया। महिला मोर्चा अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने जानकारी देते हुए कहा कि जन्मस्थली से संकल्पित मिट्टी को लेकर उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो झारखंड अलग के सपनों एवं शहीदों के अरमानों को पूरा करने हेतु क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। इस महा यात्रा में मुख्य रूप से सचिव गोपेश्वर महतो, फलिंदर करमाली, विमल मास्टर, सूरज नारायण, सुभाष महतो, डॉ रविंद्र महतो,मार्शल व अन्य ने यात्रा में योगदान दिया।

# सरकारी भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण के दौरान 11 की मौत, मामला दर्ज

मेट्रो रेज

### बीजेपी का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**रांची:** झारखंड में आबकारी कांस्टेबल भर्ती के लिए चल रही शारीरिक परीक्षण की प्रक्रिया के दौरान 11 अभ्यर्थियों की मौत हो गई। ये मौतें अगस्त 22 से शुरू हुए शारीरिक परीक्षणों के दौरान हुईं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (संचालन) अमोल वी. होमकर ने बताया कि रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और साहिबगंज जिलों में सात केंद्रों पर शारीरिक परीक्षण का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि पलामू में चार, गिरिडीह और हजारीबाग में दो-दो, रांची के जगुआर केंद्र और पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी और साहेबगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।



इस मामले में सत्ताधारी दल- झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की मौत गंभीर मुद्दा है। चिकित्सा विशेषज्ञ ही निर्धारित कर सकते हैं कि इन मौतों के कारण क्या हैं। भाजपा ने इस मामले में राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है।

पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर हमला बोलाः झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले में कहा, जिस तरह से सरकार अभ्यर्थियों को दौड़ (शारीरिक परीक्षण) कराती है, ऐसा नहीं होता है। अभ्यर्थियों को 3 महीने पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उन्हें कब दौड़ना है ताकि वे अभ्यास कर सकें। एडमिट कार्ड मिलने के 15 दिन के अंदर उन्हें दौड़ लगानी होती थी...कल मैंने अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल के कुछ बच्चों से बात की...उन्होंने कहा कि एक सेंटर में 6000 बच्चों को दौड़ाया जाता है और खड़ा भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि रात 12 बजे से लाइन लगती है और उनका नंबर 12 बजे तक आता है, इसलिए उन्हें नींद नहीं आती। मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर बच्चों को नौकरी नहीं मौत देने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने कहा कि अप्राकृति मौतों के मामले दर्ज किए गए हैं और जांच जारी है। पुलिस महानिरीक्षक ने आगे बताया कि 30 अगस्त तक कुल 1,27,772 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षण दिए। जिनमें से 78,023 ने सफलतापूर्वक इसे पास किया। होमकर ने बताया कि सभी केंद्रों पर मेडिकल टीम, दवाएं, एंबुलेंस, मोबाइल शौचालय और पीने का पानी जैसी पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

वहीं, भाजपा युवा मोर्चा ने अधिकारियों की लापरवाही का आरोप लगाया और रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## आज एक और युवक की मौत

**रांची:** उत्पाद सिपाही दौड़ में आज एक और युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान दीपक कुमार पासवान के रूप में हुई है। दीपक की उम्र 25 साल थी। दीपक के परिजनों ने बताया कि 28 अगस्त 2024 को सुबह 10 से 11 बजे की बीज चियांकी हवाई अड्डा पलामू में दीपक कुमार पासवान की दौड़ थी। दीपक ने 9 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर ली थी। दसवें किलोमीटर पूरी करने के क्रम में वह बेहोश हो गया और गिर गया। पुलिस ने दीपक को उठाकर सदर अस्पताल डाल्टनगंज में भर्ती करा दिया। दीपक के भाई को पता चला तो सदर अस्पताल से उसे एस।एस अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां पर डॉक्टर रोहित पांडे एवं अन्य डॉक्टरों ने दो दिन तक दीपक का इलाज किया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ तो दीपक को रांची के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मृतक के परिजनों ने 30 अगस्त 2024 को दीपक को मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। 2 सितंबर 2024 की सुबह डॉक्टर ने दीपक कुमार पासवान को मृत घोषित कर दिया। बता दें कि दीपक पलामू जिला के पांडु थाना क्षेत्र के वृद्धखैरा गांव का रहने वाला था।

## नगर परिषद की लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना काम से जनता त्रस्तः पिंकी जैन

मेट्रो रेज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा) :** नगर परिषद अपनी मनमानी व जन विरोधी कार्यप्रणाली में सुधार करें। पुलिस का डर दिखाकर आम जनता ,दुकानदार व व्यापारियों से जबरन वसूली बंद करें। निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि नगर परिषद द्वारा टैक्स वसूली के नाम पर डराया धमकाया जा रहा है होल्डिंग टैक्स बकाया नहीं होने के बाद भी अपने ही पुश्तैनी 80 साल साल पुराने घर पर स्वयं के दुकान का नाम लिखा बोर्ड रहने पर जबरन पुलिस की मौजूदगी रखकर मनमाने तरीके से टैक्स वसूली पेनाल्टी किया जा रहा है जबकि नगर परिषद पहले से ही आम जनता के घर दुकान से भारी भरकम कमर्शियल होल्डिंग टैक्स सफाई टैक्स रोड टैक्स ट्रेड लाइसेंस टैक्स प्रोफेशनल टैक्स पेनल्टी टैक्स पानी टैक्स आदि कई प्रकार के टैक्स वसूल कर रही है सरकारी संपत्ति मे बोर्ड लगाना गैरकानूनी है आप जुमार्ना कर सकते हैं परंतु अपने दुकान का कमर्शियल टैक्स देने के बाद भी अपने दुकान के नाम का बोर्ड लगाने पर पाबंदी है समझ से परे हैशहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी नगर परिषद के साथ आम जनता की है परंतु नगर परिषद की लापरवाही के कारण स्थिति नारकीय बनी हुई है शहर की जनता गंदगी से त्राहिमाम है, अवैध ट्रैफिक से परेशान है, नगर परिषद को पैसा देने के बाद



भी नियमित सप्लाई पानी की आपूर्ति नहीं होने से परेशान है, रात के अंधेरे में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट से परेशान है, झंडा चौक ओवर ब्रिज के दोनों तरफ रोड मे शहर में कई स्थानों पर गड्ढा हो गया है जिसके कारण प्रतिदिन रोड दुर्घटनाएं हो रही है। जल जमाव रहता है मच्छरों के प्रकोप से डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों से जनता ग्रस्त हो रही है । नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव फॉगिंग की व्यवस्था नहीं की जाती है सिर्फ खानापूर्ति की जाती है शहर की आम जनता को इन समस्याओं से निजात कैसे मिले इसका कोई ध्यान नहीं है । झुमरीतिलैया शहर का हृदय स्थल स्टेशन रोड रांची पटना रोड जैसी घनी आबादी वाला क्षेत्र 10मिनट के बारिश में ही नाली के गंदे पानी से जलमग्न हो जाता है नगर परिषद सुविधा के नाम पर जीरो बटा जीरो है आम जनता को अपने क्षेत्राधिकार मे आने वाली सुविधा भी नहीं दे रहा है जनहित में जहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक रूप में सड़क नाली का निर्माण होना आवश्यक है उन स्थानों पर निर्माण नहीं किया जा रहा है अपनी मनमर्जी से गैर जरूरी कामों को किया जा रहा है शहर का प्रमुख स्थान वीर कुंवर सिंह चौक, पानी टंकी रोड, खालसा होटल, प्रिंस चाट स्टेशन गुरुद्वारा के पास सी एच स्कूल रोड आदि स्थानों पर नाली जर्जर स्थिति में है टूटा हुआ है गंदा पानी रोड पर बह रहा है नाली के पानी का जल जमाव से नारकीय स्थिति बनी हुई है पानी टंकी रोड के गड्ढे में दो पहिया वाहन टोटो आदि दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं बार-बार लिखित आवेदन के बाद भी उसे नहीं बनाया जा रहा है शहर में गैर जरूरी योजनाओं पर काम होता है जनता के खून पसीने की कमाई के वसूले गए टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है घनी आबादी वाला क्षेत्र राजगढ़िया रोड चौराहा मेडिकल लाइन जहां सैकड़ो डॉक्टर अस्पताल अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजिकल लैब दवा दुकान है जिले से हजारों मरीज प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं इसी पथ पर सरकारी स्कूल कॉलेज भवन मंदिर है लोगों को पैदल चलने में ही दिक्कत होती है परंतु नगर परिषद की लापरवाही और गैर जिम्मेदार होने के कारण राहगीरों के चलने वाले ब्लैक टॉप अलकतरा रोड टेंपो गाड़ी स्टैंड बन गया है एजेंट ठेकेदारों के द्वारा पैसे की वसूली की जाती है नगर परिषद नींद में सोया हुआ है ट्रैफिक जाम हो जाता है यहां के सैकड़ो दुकानदार परेशान परेशान है प्रतिदिन आपस में लड़ाई झगड़ा होता है परंतु इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है किसी दिन भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है जिसकी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी शहर के सर्वांगिक विकास स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए राज्य सरकार और भारत सरकार के द्वारा मिलने वाली योजना राशि के पैसे का भी दुरुपयोग हो रहा है नगर परिषद के द्वारा वार्ड के विकास एवं समस्या के समाधान के लिए निवर्तमान पार्षदों से राय नहीं ली जाती है किसी भी तरह का संपर्क नहीं किया जाता है अपनी मनमानी से योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है चुनाव नहीं होने के बाद भी पिछले 5 वर्षों से पार्षद अपने स्तर से जनता का काम कर रहे हैं नगर प्रशासक महोदय से हाथ जोड़कर निवेदन है कि नगर में व्याप्त समस्याओं के समाधान मे अपनी सहभागिता निभाएं समस्या से जुड़े नगर परिषद के सहकर्मियों को कर्तव्य का बोध कराऐ जनता के हित का कार्य किया जाए समस्याओं से निजात दिलाई जाए पिंकी जैन ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दे आप एक कदम बढ़ाए शहर की सम्मानित जनता दो कदम बढ़ाकर सहयोग देने के लिए तैयार है नगर परिषद सुविधा प्रदान करें जनता सभी तरह का टैक्स देने के लिए तैयार है आपसी सहयोग से ही स्वस्थ तिलैया स्वच्छ तिलैया की परिकल्पना की जा सकती है।

## स्वीडेन में आयोजित वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स में भाग लेकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत



**रांचीः** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की बैठक एचईसी , जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम धुर्वा में संपन्न हुई। इस सभा में वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स स्वीडेन में भाग लेकर आने वाले खिलाड़ी केके ठाकुर, मधु उरांव एवं मेरी मुंजनी , अनु सिंह,अशोक महतो,उर्मिला महतो को भव्य स्वागत किया गया । इस सभा में सभी प्रतिभागी अपना अपना अनुभव साझा किया और सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया । इस मीटिंग के दौरान सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि झारखंड मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता 27 अक्टूबर 2024 को रांची में आयोजित किया जाएगा / झारखंड के जितने भी मास्टर खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि आप लोग 27 अक्टूबर 2024 को होने वाले प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभागी भाग ले ,और निर्णय लिया गया कि सभी जिला के सचिव से अनुरोध है कि हर जिला में अपना खेलकूद प्रतियोगिता जल्द से जल्द प्रतियोगिता का आयोजन कराए और 27 अक्टूबर 2024 को जो रांची में होने वाली झारखंड मास्टर एथलीट प्रतियोगिता में आप सभी खिलाड़ी इसमें भाग ले/ इस शुभ अवसर पर झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सभी पदाधिकारी मौजूद थे जो निम्नलिखित है सचिव श्री लक्ष्मण राम,अध्यक्ष राजकुमार वाल्मीकि, लाइफ प्रेसिडेंट पीसी, देवगन, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू ,जैन सेक्रेटरी राजेंद्र महतो, संजय राय,आर पी सिंह ,मधु उरांव, सुरेंद्र बढ़ाइक,प्रवीण सिंह, प्रभु नाथ सिंह, केके ठाकुर, मेरी मुंजनी ,सुमित , जी बाबू देव, संजय चक्रवर्ती,निर्मला कुमारी रवि, एस के दत्ता। इस मीटिंग में सभी अधिकारी और पदाधिकारी शामिल हुए। यह जानकारी झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम द्वारा दिया गया । सभी पदाधिकारी को बहुत-बहुत धन्यवाद ।

## 25वें राज्य-स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का समापन



**रांचीः** 25वें इस्मा दो दिवसीय राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता का समापन स्थानीय हरिवंश टाना भगत स्टेडियम खेलगांव रांची में मुख्य अतिथि विमल आनन्द नाग, मुख्य तकनीकी निदेशक इस्मा द्वारा किया गया। जिसमें झारखंड के 8 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपने अपने स्पर्धा में अच्छा खेल का प्रदर्शन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि विमल आनंद नाग ने कहा इस्मा द्वारा 35 वर्षों से लगातार मार्शल आर्टस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जिससे कई खिलाड़ी अलग-अलग क्षेत्र में आज कार्यरत है। आज कि परिस्थिति में यह कला लड्को से ज्यादा लड़कियों को सीखने की आवश्यकता है। जिससे लड़कियां आत्मनिर्भर बनें। आज सबसे ज्यादा पदक हासिल कर रांची प्रथम, हजारीबाग द्वितीय ,बोकारो तीसरे व रामगढ़ चौथा स्थान पर रहने में सफल रहा।

**परिणाम :**

**लड़की में 5 से 6 काताः** स्वर्ण पदक अवया मेहता- रांची, रजत सोनाली कोसारी- रांची

**लड़की में 5 से 6 वर्ष -25 कि ग्र कुमिते :** स्वर्ण पदक सोनाली कुसारी- रांची ,रजत पदक अवया मेहता- रांची

**लड़की में 7 से 8 वर्ष काताः स्वर्ण पदक लैबा तहसीन-** रांची ,

**रजत पदक ऐनी बारला -** रांची,

**कांस्य पदक अंशिका प्रिया-** रांची एवं हंसिका बारला - रांची

**लड़की में 7 से 8 वर्ष कुमीते** :30 किग्राः स्वर्ण पदक सौम्या छतरी- रांची , रजत पदक स्नेह लता कुमारी- रांची ,कांस्य पदक अमित तिग्गा- रांची एवं अंशिका प्रिया -रांची

**लड़की में 7 से 8 वर्ष कुमीते -35 किग्राः** स्वर्ण पदक अन्य बारला -रांची ,रजत पदक आर्थिका सिंघानिया- रांची ,कांस्य पदक अमायरा जेनिफर बेक- रांची एवं लैबा तहसीन- रांची

**लड़की में 8 से 9 वर्ष काताः** स्वर्ण पदक आस्था मुंडा- रांची, रजत पदक आन्या जेवन तिर्की -रांची ,कांस्य पदक सुनैना टोप्पो -रांची एवं सात्विका कुमारी- रांची

**लड़की में 8 से 9 वर्ष कुमीते -35 किग्राः** स्वर्ण पदक सात्विक कुमारी - रांची ,रजत पदक सुनैना टोप्पो -रांची ,कांस्य पदक आराध्या कुमारी -रांची एवं अनु एलीना तिग्गा

**लड़की में 8 से 9 वर्ष कुमीते -40 किग्राः** स्वर्ण पदक आस्था मुंडा -रांची ,रजत पदक अहाना अगता टोप्पो- रांची ,कांस्य पदक श्वेता कुमारी- रांची एवं अभीगली आशिमा तिर्की- रांची

## यूथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया रांची यूनिट का चुनाव संपन्न, दिलीप तिर्की बने प्रेसिडेंट



**रांचीः** मोरहाबादी स्थित कार्यालय में यूथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया रांची यूनिट का चुनाव सम्पन्न हो गया। यह चुनाव पर्यवेक्षक श्री मिथलेश साहू, रिटर्निंग ऑफिसर श्री तापेश्वर नाथ मिश्रा और स्क्रूटिनी कमिटी मेंबर रत्नेश कुमार और अमरेंद्र दत्त द्विवेदी की देखरेख सम्पन्न हुआ। युवाओं के व्यक्तित्व के विकास एवं रोमांचक खेल के विकास के लिए कार्य करने वाले इस संगठन के निम्लिखित पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध रूप से किया गया। सत्र 2024-2027 के लिए निम्नलिखित

**पदाधिकारी चुने गए :**

दिलीप तिर्की- प्रेसिडेंट,शैलेन्द्र कुमार, मनोज महतो -वाईस प्रेसिडेंट, शिवेंद्र दुबे -चेयरमैन, दीपक गोप - कोषाध्यक्ष

चंचल भट्टाचार्य - सचिव, उदय साहू -संगठन सचिव, प्रियदर्शी अमर, राजकुमार जैन, शैलेन्द्र नाथ दुबे, संजीव प्रसाद, विभूति भूषण प्रसाद, अरविन्द शाहदेव - एग्जीक्यूटिव मेंबर

**समितियों का हुआ गठन :-**

इसके अतिरिक्त कई सब कमिटी का गठन भी किया गया :- **पर्यावरण समिति :** प्रियदर्शी अमर -चेयरमैन, अरविन्द शाहदेव -को चेयरमैन

एडवेंचर प्रमोशन समिति

डॉ रमाशंकर सिंह -चेयरमैन

विभूति भूषण प्रसाद-को चेयरमैन

**हॉस्टल डेवलपमेंट समिति :** संजीव प्रसाद -चेयरमैन

शैलेन्द्र दुबे - को चेयरमैन

प्रोग्राम डेवलपमेंट समितिः राजकुमार जैन - चेयरमैन

चुनाव के बाद वार्षिक आम सभा में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनऔर राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी की रूप रेखा तैयार की गयी।

## आरजीटीए करेगा महुआ मांझी का अभिनंदन

**रांचीः** स्थानीय श्री दिगंबर जैन भवन में पूर्वान्ह 11।30 बजे, रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आर जीटीए) के तत्वावधान में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुणाल आजमानी रहेंगे। इस कार्यक्रम में रांची शहर के सभी ट्रांसपोर्टर्स एवं अन्य व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### म्यूजिकल ग्रुप ने आईफा इंटरनेशनल रांची में किया गायक मुकेश की जयंती का आयोजन



**रांची :** म्यूजिकल ग्रुप के सभी साथियों और कलाकारों को दिल से साबिर हुसैन का शुक्रिया मुकेश जी की पुण्यतिथि पर आयोजित हमारे विशेष कार्यक्रम की अपार सफलता के लिए आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद। इस संगीतमय संध्या को सफल बनाने में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सबसे पहले, हम अपने सभी गायकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपनी सुरीली आवाज से इस कार्यक्रम को यादगार बनाया। आपकी निष्ठा और संगीत के प्रति समर्पण ने मुकेश जी के गीतों में एक नई जान डाल दी। हमारे सभी सहयोगियों और आयोजकों का भी विशेष धन्यवाद, जिनके निरंतर प्रयास और उत्कृष्ट आयोजन कौशल के बिना यह कार्यक्रम संभव नहीं हो पाता। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने इस कार्यक्रम को एक अद्भुत अनुभव में बदल दिया। अंत में, हम अपने प्रिय दर्शकों का भी धन्यवाद करते हैं, जिनकी उपस्थिति और सराहना ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। आप सभी ने जिस तरह से मुकेश जी के गीतों को सराहा और आनंद लिया, वह हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी हम इसी तरह से एकजुट होकर भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा को जीवित रखने में अपना योगदान देते रहेंगे। एक बार फिर, आप सभी का हार्दिक धन्यवाद और शुभकामनाएं।

### ईमानदार और अच्छे लोग राजनीति में आयेंगे, तभी सुधरेगा देश: निपु सिंह



**रांची:** प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन का केंद्रीय संगठन मंत्री एवं रांची जिले के जाने-माने समाजसेवी निपु सिंह ने कहा कि जब तक अच्छे और ईमानदार लोग राजनीति में नहीं आएंगे तब तक देश नहीं सुधरने वाला है । उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार है सरकारी तंत्र पूरी तरह से भ्रष्ट हो चुका है आम आदमी का दर्द राजनीति में खत्म हो चुका है साथ ही साथ उन्होंने कहा की सेवा भावना मर गई है जिसके चलते देश की प्रगति पूरी तरह थम गई है। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि देश की जनता को एक मंच पर आकर भ्रष्टाचार का विरोध करना होगा हमारे देश के कई मुख्यमंत्री अपने सत्ता के लिए रातों-रात दूसरी पार्टी में चल जा रहे हैं तो कोई भ्रष्टाचार कर जेल जा रहे हैं। यह देश की जनता का दुर्भाग्य है ।

### दुर्गा पूजा समिति, दलादली ने पूजा की तैयारियों को लेकर की बैठक



**रांची :** रातु क्षेत्र के रिंग रोड, दलादली चौक, समीप अवस्थित वीर हनुमान व दुर्गा मंदिर परिसर में कई वर्षों से दुर्गा पूजा महोत्सव की आयोजन की जा रही है। इस निमित्त दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आगामी दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होने वाली दुर्गा पूजा के आयोजन को मूर्त रूप दिया गया। दुर्गा पूजा करते महोत्सव को धूमधाम के साथ भव्य और आकर्षक कैसे बनाया जाए, इसकी तैयारी को लेकर तथा बजट की व्यवस्था आदि सारी बिंदुओं पर चर्चा हुई। समिति के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को पूजा कार्य की भूमिका को लेकर भिन्न-भिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी पूजा समिति के पदाधिकारी एवम सदस्यों के साथ आसपास के गणमान्य लोगों ने उत्सुकता के साथ पूजा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। इस बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी अभिषेक मिश्रा, जेपी ओझा, बिरेंद्र सिंह, रामाशीष शर्मा, बब्बन सिंह, गौतम राय, नवीन कुमार, राजदीप पाल, वीरेंद्र विजय सिंह, सुधीर कुमार पांडे, जितेंद्र कुमार तिवारी, विवेक कुमार, निरंजन भगत, प्रदीप कुमार पप्पू, विनय कुमार, विकास चौधरी, सुबोध कुमार, अनंत कुमार आदि माता के भक्ति मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दी।

### मोमिन कांफ्रेंस से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं को संगठन व चुनाव में प्रत्याशी बनाने की मांग



**रांची:** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने आगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को आबादी के अनुपात में भागीदारी देने की मांग कांग्रेस झामुमो राजद व अन्य दलों से की है। श्री अली ने कहा के गत विधान सभा चुनाव में मोमिन कॉन्फ्रेंस ने महा गठबंधन को समर्थन किया था लेकिन महा गठबंधन सरकार की उपेक्षा एवं अधिकारियों की अनदेखी के कारण राज्य के अल्पसंख्यक आर्थिक,सामाजिक ,शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से काफी पिछड़ गए हैं। झारखंड राज्य में अल्पसंख्यकों की आबादी 16% से अधिक है लेकिन विधानसभा लोकसभा राज्यसभा में हमारी भागीदारी बहुत कम है या नगरण है। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा ,राजद में मोमिन कॉन्फ्रेंस से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं को संगठन एवं चुनाव में उचित भागीदारी दें। मोमिन कॉन्फ्रेंस ने राज्य के 15 विधानसभा सीटों को चिन्हित किया है जहां हम चुनाव जीतने की स्थिति में है या हमारी मजबूत स्थिति है। मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने कहा कि झामुमो कांग्रेस राजदव अन्य दलों से राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बातचीत हो रही है अगर आगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को महा गठबंधन के दलों के द्वारा उचित भागीदारी नहीं मिलती है तो मोमिन कॉन्फ्रेंस अन्य दलों से बातचीत कर अपने समर्थन से उम्मीदवार उतारने का काम करेगी। श्री अली ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन सरकार ने कई सराहनीय काम किए हैं लेकिन अल्पसंख्यक के मुद्दे पर गंभीर नहीं है उन्होंने कहा कि राज्य में मदरसा शिक्षा बोर्ड , उर्दू अकादमी, अल्पसंख्यक वित्त व विकास निगम सहित कई बोर्ड निगम समिति का गठन अब तक नहीं किया गया है। 15 सूत्री कार्यक्रम का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है।अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था वह मदरसा से संबंधित अब तक नियमावली नहीं बनाई गई है जिसके कारण जैक के अध्यक्ष व सचिव के द्वारा अल्पसंख्यक संस्थाओं से विषय भेदभाव किया जा रहा है तथा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों में मदरसा सहित शसी निकाय का गठन किया जा रहा है जो चिंता का विषय है।

### जिला राजद ने किया धुर्वा थाना के नये थाना प्रभारी का स्वागत



**रांची:** रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धुर्वा थाना परिसर में नवनियुक्त थाना प्रभारी राजकुमार वर्मा का फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि नये थाना प्रभारी के नेतृत्व में धुर्वा क्षेत्र में शांति व लोगों की सुरक्षा बहाल रहेगी। राजद नेताओं ने थाना प्रभारी को आशवस्त किया कि जब भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा करेंगे। राजद के पदाधिकारी सदैव मुस्तैद रहेंगे। थाना प्रभारी को सम्मानित करने वालों में श्री महतो के अलावा राम भगत, विजय राय, नवीन कुमार, राम प्रवेश सिंह, विशाल कुमार और चंचल कुमार शामिल थे।

---

एक्शन में डीजीपी अनुराग गुप्ता, कहा-

# एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी व टालमटोल करने वाले अधिकारियों पर होगी अनुशासनिक कार्रवाई

**मेंट्रो रेज**



**रांची:** एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी और टालमटोल करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आम जनता से दुर्व्यवहार और बदतमीजी करने वाले पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। डीजीपी ने कहा कि विभिन्न सूत्रों से ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि झारखण्ड राज्य के अनेक जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मी विशेषकर मुंशी, आम जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं और जनता की शिकायतों पर थाना में प्राप्ति रसीद भी नहीं देते हैं। जिसके चलते भुक्तभोगी भटकते रहते हैं और उन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है।

**डीजीपी ने जारी किया सख़्त आदेश** - यदि कोई साइबर अपराध एसटी, एससी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी किसी आम थाने पर जाता है, तो उसे क्रमशः साइबर, एसटी, एससी, ह्यूमन ट्रैफिकिंग या महिला थाना में जाने की सलाह दी जाती है, जो कि पूर्णतः गलत है। यदि किसी जिले में अपराध महिला अपराध, साइबर अपराध के लिए अलग से थाना खुला है, उसका ये मतलब कतई नहीं है कि जिले के अन्य थानों में इस संबंध में एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती। सभी वरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि जैसे ही इस प्रकार का कोई मामला मिले तो अविलम्ब उस थाना प्रभारी को थाना से हटा दिया जाये और उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाये।

-डीजीपी ने कहा कि बीएनएसएस-173 में स्पष्ट प्रावधान है कि अपराध किया गया क्षेत्र पर विचार किये बिना, थाना प्रभारी के द्वारा एफआईआर और जीरो एफआईआर दर्ज किया जाय। यदि कोई थाना प्रभारी इसका अनुपालन नहीं करता है तो स्पष्ट है कि वो कानून का उल्लंघन कर रहा है।

-सभी डीआईजी और एसपी अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि आम जनता अपनी शिकायत को उनके पास दर्ज करा सके, विशेषकर जहां पर थाना प्रभारियों द्वारा उनके शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है।

-सभी जिलों के एसपी और डीआईजी सख्त निर्देश दिया जाता है, कि वे भ्रमण के क्रम में थानेदारों और थाने पर पदस्थापित अन्य कर्मी को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए निर्देशित करें। आम जनता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित करें एवं अविलम्ब थाना से हटा दें।

-सभी पुलिसकर्मियों को जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है, कि वे समाज और जनता के सेवक एवं सुरक्षाकर्मी है, न की उनके मालिक। पुलिसकर्मियों को इसी भाव से अपनी ड्यूटी करनी चाहिए।

---

राज्यपाल ने ग्रामीणों से किया संवाद ,परिसंपत्तियों का वितरण

## केन्द्र-राज्य सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ सभी को मिले : राज्यपाल

**मेंट्रो रेज**



**सरायकेला :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत रुगड़ी पंचायत, प्रखण्ड-ईचागढ़ में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनमानस के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। आप सभी के बीच इस आशय के साथ पहुंचा हूँ कि यह जान सकूँ कि आपको इन सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नहीं? इन योजनाओं के प्रति आपकी राय एवं सुझाव जानने आया हूँ। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि आप सभी को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले, विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो उससे बताएँ ताकि सरकार व प्रशासन को इससे अवगत कराया जा सके और आपकी समस्याओं का निदान हो सकें। राज्यपाल ने कहा कि किसानों के लिए वर्तमान में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना', माताओं-बहनों के लिए 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' जैसी कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। साथ ही सबका अपना घर हो, इस हेतु आवास योजना की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार का मानना है कि आधी से अधिक बीमारी का कारण दूषित पेयजल है। इस परिप्रेक्ष्य में, केन्द्र सरकार द्वारा सभी को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने हेतु सक्रियता से कार्य किया जा रहा है।

राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर ग्रामीणों से संवाद के क्रम में विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उनकी समस्याओं को सुना। उक्त अवसर पर उनके द्वारा एक ग्रामीण महिला को प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन शीघ्र प्रदान करने हेतु निदेशित किया गया

## आज से हड़ताल पर गये नगर निगम के 2300 सफाईकर्मी



**मेट्रो रेज**

**रांची:** रांची नगर निगम के 2300 से अधिक सफाईकर्मी सोमवार से हड़ताल पर चले गए। जिससे कि राजधानी में लोगों के घरों से कचरे का उठाव नहीं हुआ। इसके अलावा जगह जगह पर कचरा जमा है। जिससे शहर की स्थिति नारकीय हो गई है। निगम सफाई मजदूर संघ की बैठक नागाबाबा खटाल मार्केट में हुई थी। जहां अध्यक्ष दयानंद यादव ने 10 साल या उससे अधिक समय से काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने, सुपरवाइजर के वेतन में 30 प्रतिशत की वृद्धि करने, और परिवहन भत्ते को 1000 से 3000 रुपये करने की मांग की थी।

**निगम कर्मी भी देंगे धरना:** वहीं निगम भवन में कार्यरत कर्मियों ने भी अनुकंपा बहाली और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन की योजना बनाई है। वे सोमवार से नारेबाजी, मंगलवार को काला बिल्ला, बुधवार को सामूहिक अवकाश, गुरुवार को मौन व्रत, और शुक्रवार को धरना देंगे। मांगें पूरी न होने पर शनिवार से निगम कार्यालय का कामकाज ठप करने की धमकी दी गई है।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति ने किया भगवान श्रीकृष्ण की छठी का आयोजन



**रांची/ मेट्रो रेज :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति हरमू रांची द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की छठी का आयोजन राधा - कृष्ण गोवर्धन मंदिर सकेत बिहार हरमू के प्रांगण में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बड़े भक्ति भाव से लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना भी की तथा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया। क्षेत्र की महिला श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया। जिस प्रकार परिवार में जन्मे बच्चे की छठी मनाई जाती है, उसी प्रकार से भगवान श्रीकृष्ण की भी छठी मनाई गई। भगवान को छप्पन भोग के अलावा कड़ाही चावल का भी भोग लगाया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा के सचेतक दीपक प्रकाश ने भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बनारस यादव, अरुण झा ,उपेंद्र पाठक, जयंत झा, शंभू नाथ यादव, एसएन यादव, गोरखनाथ सिंह, सरवन यादव आदर्श सिंह ,भोला सिंह ,रितेश यादव, चंदन यादव, महानद उपस्थित थे।

### नामकुम के आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में 4 सितंबर को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम

- मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का करेंगे वितरण

**मेंट्रो रेज**



**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातु चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में 4 सितंबर को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण किया जायेगा।

**पांच जिलों के लाभुक होंगे शामिल :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों के साथ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा से लाभुक शामिल होंगे। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर निर्धारित कार्य एवं दायित्वों के ससमय निर्वहन के लिए पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दे दिया है। कार्यक्रम में रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा जिले से तीन लाख से अधिक लाभुक शामिल होंगे। बता दें कि पहले यह कार्यक्रम 30 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाला था।

---

## अपने लक्ष्य व उद्देश्य पर ध्यान करें केंद्रित, मृत्यु का भय नहीं सताएगा: स्वामी शुद्धानन्द

**कृष्ण बिहारी मिश्र**



**जीवन** का जो उद्देश्य है। जो लक्ष्य है। उसी को लेकर चलते हुए जो हम ईश्वर को समर्पित करते हुए, जो कर्म करते हैं, तो हमारा जीवन समुद्र के उस बुलबुले की तरह हो जाता हैं, जो समुद्र से निकलता है और समुद्र में ही मिल जाता है। मतलब हम आनन्द से आकर, आनन्द में रहते हुए हम आनन्द में ही मिल जाते हैं और इस दौरान हमें मृत्यु का भय भी नहीं रहता। उक्त बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी शुद्धानन्द ने योगदा भक्तों से कही।

उन्होंने कहा कि मृत्यु के भय पर विजय पाना बहुत ही आसान है। उन्होंने इसके लिए एक उदाहरण दिया कि आप समुद्र के बुलबुले को अपने मन में विजुयलाइज्ड करिये, आप क्या देखते हैं कि उस बुलबुले का निर्माण समुद्र से ही हुआ हैं और फिर वो समुद्र में ही जाकर मिल भी रहा है। उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति तैत्तरीयोपनिषद् के अनुसार आनन्द से ही आया है, आनन्द में ही उसे रहना है और उसे अंत में आनन्द में ही मिल जाना है।

उन्होंने कहा कि अगर हम क्रिया योग की साधना दिन भर में दो बार श्रद्धा और भक्ति के साथ करें तो यह मृत्यु का भय हमेशा के लिए जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि एक योगी के लिए मृत्यु एक अवसर के समान है। वो जानता है कि उसे अब वर्तमान जीर्ण-शीर्ण शरीर से मुक्ति मिलने जा रही है, अब नया शरीर उसे प्राप्त होगा, जो ईश्वरीय कार्य के लिए नया अवसर प्रदान करेगा। इसलिए वो मृत्यु से भय नहीं खाता।

उन्होंने कहा कि ईश्वर द्वारा बनायी गई इस माया में तीन गुण हैं, जिसे पार पाना एक सामान्य व्यक्ति के लिए उतना आसान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वो तीन गुण है। 1। तामसिक, 2। राजसी, और 3। सात्विक। उन्होंने कहा कि हम क्रिया योग के माध्यम से तामसिक और राजसी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर सात्विकता की ओर जा सकते हैं, जिससे हमें आंतरिक शांति और आनन्द की प्राप्ति होती है।

स्वामी शुद्धानन्द ने कहा कि ईश्वर हमें नाना प्रकार के उपहार देने को तैयार बैठे हैं। लेकिन हमें उन उपहारों को लेने के लिए वैसी योग्यता भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हमें कुछ समय के लिए ड्रामा करने के लिए यहां भेजा है। लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना है कि हमें अंत में जाना कहां हैं और किसके पास जाना हैं।

उन्होंने कहा कि जो लोग आत्महत्या करते हैं और समझते है कि उन्होंने शरीर को मारकर विजय प्राप्त कर ली। दरअसल वे भूल जाते हैं कि उससे उनकी समस्याओं से मुक्ति नहीं मिलती। ईश्वर के द्वारा दिया गया यह अनमोल उपहार बेवजह नष्ट या किसी समस्याओं से घबराकर खत्म करने के लिए नहीं बना, बल्कि समस्याओं से संघर्ष करने के लिए बना है, क्योंकि अगर हम इससे भागने की कोशिश करेंगे तो हम चाहकर भी भाग नहीं सकते, क्योंकि वो समस्याएं हमारे ही कर्मफल के प्रतिरुप हैं। उन्हें हमें हर हाल में भुगतना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर क्रियायोग के माध्यम से जीवन को संचालित करता हैं तो वह हर समस्याओं पर विजय पाता है, क्योंकि उसके बाद उसका जीवन संतुलित होने लगता है। योग साधना का मतलब भी संतुलित जीवन ही हैं।

स्वामी शुद्धानन्द गिरि ने श्रीमद्भगवद्गीता के 16 वें अध्याय के एक से लेकर तीसरे श्लोकों का उदाहरण देते हुए कहा कि, गीता कहती है। अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोग व्यवस्थितिः।

**दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्।।**

अर्थात भय का सर्वथा अभाव, अंतःकरण की निर्मलता, तत्वज्ञान के लिए योग में निष्ठा, सात्विक दान, अपने इन्द्रियों का दमन, ईश्वर, देवता और गुरुजनों की पूजा, अच्छे कर्मों की प्रवृत्ति व स्वाध्याय तथा भगवान नाम और उनके गुणों का कीर्तन, अपने धर्मपालन में आनेवाली कष्ट को सहने करने की शक्ति, इन्द्रियों सहित अंतःकरण की सरलता

**अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम्।**

**दया भूतेष्वलोलुप्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्।।**

मन, वचन व शरीर से किसी को भी कष्ट नहीं पहुंचाना, यथार्थ की ओर ध्यान देना, अपना बुरा चाहनेवालों पर भी क्रोध का न होना, कर्मों में भी कर्तापन के घमंड का त्याग, चित्त पर नियंत्रण, किसी की निन्दा नहीं करना, इन्द्रियों का विषयों के साथ संयोग होने पर भी आसक्ति का न होना, लोकाचार और शास्त्र के विरुद्ध आचरण नहीं करना और व्यर्थ आकांक्षाओं का अभाव

**तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।**

**भवन्ति सम्पदं दैवीम भिजातस्य भारत।।**

तेज, क्षमा, धैर्य, शुद्धि किसी के विरुद्ध शत्रुता का भाव न होना और स्वयं में श्रेष्ठता का अभाव, ये सभी ईश्वरीय संपदा को लेकर उत्पन्न हुए पुरुषों के लक्षण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति को सिर्फ कर्म करना चाहिए, उत्तम कर्म करना चाहिए, कर्म का फल तो मिलना ही है, क्या मिलेगा वो ईश्वर तय करेंगे, इस पर आपका अधिकार भी नहीं हैं और न होना चाहिए।

**-लेखक बिहार -झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही 24 के सम्पादक हैं।**

## सुविचार

कौन कहता है कि ईश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है, जब कोई नजर नहीं आता

## आयोग का अच्छा कदम

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया। पिछले लोकसभा चुनावों के अनुभव की रोशनी में यह देखना सुखद है कि इस बार आयोग ने चुनावों की अवधि को काफी छोटा रखा है। हालांकि कुछ और सवाल इन घोषणाओं को लेकर उठ रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा :** पिछले पांच वर्षों से निर्वाचित सरकारों से वंचित जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर अधिकतम 30 सितंबर की समयसीमा भी तय कर दी थी। यह अच्छा है कि उसका सम्मान करते हुए इलेक्शन कमिशन ने चुनाव प्रक्रिया समयसीमा खत्म होने से काफी पहले शुरू कर दी, लेकिन आखिरी चरण का मतदान एक अक्टूबर तक खिंचने से, फिर भी नहीं बचा जा सका। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र निकाय जरूर है, लेकिन सरकार और प्रशासन के अलग-अलग स्तंभों की कार्यदिशा में न्यूनतम सामंजस्य की अपेक्षा गलत नहीं कही जाएगी। ऐसे में जब केंद्र सरकार पिछले कई वर्षों से एक राष्ट्र एक चुनाव की वकालत करती आ रही है और एक दिन पहले लालकिले से दिए गए भाषण में भी प्रधानमंत्री ने इसकी जरूरत को रेखांकित किया था, तब महाराष्ट्र, झारखंड जैसे राज्यों के चुनाव भी साथ करवाए जाने की उम्मीद की जा रही थी। जम्मू-कश्मीर को विशेष मामला माना जाए तो भी वहां 30 सितंबर से पहले चुनाव कराने के बाद छह महीने की अवधि के अंदर कार्यकाल पूरा करने वाली सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने में कोई संवैधानिक बाधा नहीं थी।

लोकतंत्र की बयार : जम्मू-कश्मीर के लिए चुनाव इस लिहाज से खास हैं कि अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। इससे पहले लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की जो उत्साहपूर्ण शिरकत देखने को मिली, उसके मद्देनजर इन चुनाव से एक नए दौर की शुरूआत की उम्मीद अस्वाभाविक नहीं कही जाएगी। हालांकि आतंक की छिटपुट घटनाएं वहां अब भी हो रही हैं, लेकिन इसके पीछे आतंकी तत्वों की मंशा इन चुनावों को बाधित करने की ही लगती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव ही उन तत्वों की साजिशों का सबसे अच्छा जवाब हो सकता है। हरियाणा के चुनाव इस लिहाज से दिलचस्प हो गए हैं कि लगातार दो बार सरकार बनाने वाली बीजेपी के लिए लोकसभा चुनावों के नतीजे मनमाफिक नहीं आए। इसके बाद वहां कांग्रेस को अपने लिए ज्यादा उम्मीद नजर आ रही है। हालांकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजे इस कदर अलग-अलग आते रहे हैं कि ऐसी उम्मीदों को एक हद से ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा सकती। कुल मिलाकर देखें तो नतीजे जो भी आएं, चुनाव हमारी लोकतांत्रिक चेतना का संदेश बनकर आते हैं। उम्मीद है कि इस बार भी यह संदेश दुनिया को अधिकाधिक मजबूती से मिलेगा।

## एनडीए में समन्वय की कमी

**असम** में विधानसभा के कामकाज से जुड़े एक फैसले पर जिस तरह से ठऊअ के दो सहयोगी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है, उससे साफ है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सहयोगी दलों के बीच आपसी तालमेल सुनिश्चित करने की कोई कारगर व्यवस्था नहीं हो पा रही है। खऊ्र नेता केसी त्यागी के प्रवक्ता पद से दिए गए इस्तीफे को भी तालमेल की इसी कमी का नतीजा माना जा रहा है। वैसे, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के तीखे बयान जब-तब राष्ट्रीय सुर्खियों का हिस्सा बनते रहे हैं, लेकिन यह फैसला विधानसभा की कार्यवाही में शुक्रवार को दिए जाने वाले ब्रेक से जुड़ा है। मुस्लिम विधायकों की नमाज के मद्देनजर दो घंटे का ब्रेक देने की 1937 से चली आ रही परंपरा वहां समाप्त कर दी गई। मुख्यमंत्री का कहना है कि हिंदू और मुस्लिम विधायकों ने साथ बैठकर यह फैसला किया है, लेकिन ठऊअ के घटक दलों झ खऊ्र और छखढ (रामविलास) - ने संविधान में दी गई धार्मिक आजादी का उल्लंघन बताते हुए इसकी आलोचना की।

राष्ट्रीय गठबंधन के सदस्य दलों का एक राज्य सरकार के फैसले पर आपत्ति करना ध्यान जरूर खींचता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रीय मुद्दों पर इन दलों में सहमति है। अभी हाल ही में इन्हीं सहयोगी दलों के तीखे विरोध के कारण केंद्र सरकार को लैटरल एंट्री पर अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। जाति जनगणना इन दलों के बीच मतभेद का एक बड़ा मुद्दा पहले से बना हुआ है। हाल में खऊ्र के वरिष्ठ नेता के सी त्यागी ने कुछ पूर्व और मौजूदा सांसदों के उस संयुक्त बयान पर भी हस्ताक्षर कर दिए, जिसमें भारत सरकार से इस्राइल को हथियारों की कथित सप्लाई बंद करने को कहा गया था। हालांकि इसके बाद पार्टी के प्रवक्ता पद से त्यागी का इस्तीफा आ गया और पार्टी ने उनकी जगह नए प्रवक्ता की घोषणा भी तत्काल कर दी। इससे स्पष्ट है कि खऊ्र नेतृत्व भी एक हद से ज्यादा आक्रामकता की इजाजत नहीं देना चाहता। लेकिन यह प्रकरण इतना तो स्पष्ट कर ही देता है कि ठऊअ से जुड़े दलों के बीच विभिन्न मसलों पर भेद-मतभेद दूर करने के लिए नियमित बातचीत की कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है और न ही अपने मतभेदों को सार्वजनिक तौर पर व्यक्त करने को लेकर स्पष्ट आपसी समझ विकसित हो सकी है। आपसी तालमेल की इसी कमी के चलते केंद्र सरकार को न केवल लैटरल एंट्री से जुड़ा वढरउ का विज्ञापन वापस लेना पड़ा बल्कि वक्फ संशोधन विधेयक भी संयुक्त संसदीय समिति को भेजना पड़ा। ऐसे कदम सरकार और सत्तारूढ़ गठबंधन की स्थिरता को लेकर कोई अच्छा संदेश नहीं देते।

# हिंदी भी पकड़े अंग्रेजी वाली राह

हिंदी ने भी अंग्रेजी के भरपूर शब्द अपनाए हैं। हम में से अधिकांश लोग पेन से लिखते हैं, कलम से नहीं। ट्रेन से चलते हैं। कप से चाय पीते हैं। सुबह टूथपेस्ट से ब्रश कर हम ऑफिस जाते हैं। साथ में खाने के लिए सैंडविच ले जाते हैं अपने टिफिन बॉक्स में। बॉस कभी-कभी हमें अपने साथ कॉफी या जूस पिलाता है और ज्यादा खुश हुआ तो अपनी कार में बैठा कर सिनेमा ले जाता है। आपको इस दिनचर्या के विवरण में कुछ अटपटा तो नहीं लगा न आम दिनचर्या है। पर जरा ध्यान से दोबारा पढ़ें। इन वाक्यों में कई शब्द अंग्रेजी के हैं। लगभग सारी महत्वपूर्ण संज्ञाएं।

**एस ओझा**

इडली और समोसा देश के कोने-कोने में लोकप्रिय हैं। क्या आपको पता है कि ये विदेशियों की देन हैं? समोसा हमारे यहां मध्य एशिया से आया और इडली इंडोनेशिया से। ऐसे उदाहरण कई हैं; भारत में आलू और मिर्च आए दक्षिण अमेरिका से, चाय और लीची चीन से। सामान्य भारतीयों ने इन 'विदेशी' व्यंजनों को सहर्ष अपनाया। क्या आप इनके बिना भारतीय भोजन की कल्पना कर सकते हैं।

अब भोजन से परे, भाषा की बात करते हैं।

भारत जैसे देश में जहां सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं, भाषा बेहद भावनात्मक विषय है। पिछले सौ-दो सौ सालों में भारत में भाषा को लेकर कई आंदोलन हुए हैं। अधिकांश आंदोलनों की यह मांग रही है कि कोई, विशेषकर केंद्र सरकार, हम पर भाषा ना थोपे। भाषाई साम्राज्यवाद का डर हर भाषा समूह को सताता है।

अंग्रेजों ने हम पर शासन तो किया ही, हमारी संपत्ति भी लूट कर ले गए। यहां तक कि ह्यलूटह्न शब्द भी अपनी भाषा में समाहित कर लिया। इसके अलावा भी बहुत से शब्द अपनाए। चंपी से आया शैंपू, बंगला बन गया बंगलो और बरामदा से आया वेरांडाह। बिरयानी जरूर बिरयानी ही रही, जंगल भी जंगल ही रहा। लेकिन खाट बन गया काट और जगन्नाथ बना जग्गरनॉट। ऑक्सफर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में सैकड़ों भारतीय मूल के शब्द हैं और हर वर्ष दर्जनों इसमें शामिल होते हैं। अंग्रेजी भाषा तो कभी संकट में आई नहीं, वह तो और भी समृद्ध हो रही है। हर साल पूरी दुनिया में करोड़ों लोग अंग्रेजी सीखने के लिए मेहनत करते हैं।

हिंदी ने भी अंग्रेजी के भरपूर शब्द अपनाए हैं। हम में से अधिकांश लोग पेन से लिखते हैं, कलम से नहीं। ट्रेन से चलते हैं। कप से चाय पीते हैं। सुबह टूथपेस्ट से ब्रश कर हम ऑफिस जाते हैं। साथ में खाने के लिए सैंडविच ले जाते हैं अपने टिफिन बॉक्स में। बॉस कभी-कभी हमें अपने साथ कॉफी या जूस पिलाता है और ज्यादा खुश हुआ तो अपनी कार में बैठा कर सिनेमा ले जाता है। आपको इस दिनचर्या के विवरण में कुछ अटपटा तो नहीं लगा न? आम दिनचर्या है। पर जरा ध्यान से दोबारा पढ़ें। इन वाक्यों में कई शब्द अंग्रेजी के हैं। लगभग सारी महत्वपूर्ण संज्ञाएं।

अटपटा इसलिए नहीं लगता कि हम लोगों ने, जो औसत हिंदीभाषी हैं, इन शब्दों को सहर्ष अपना लिया है। सिर्फ अंग्रेजी से ही नहीं, भारत की अन्य भाषाओं से भी हिंदी में शब्द आए हैं। 'वांग्मय', 'प्रगति', 'दलित' शब्द मराठी से आए। बांग्ला से 'गल्प', 'संभ्रांत', 'आपत्ति' और 'अभिभावक'। द्रविड़ भाषाओं से भी कई शब्द आए। तमिल में सब्जी को कारी कहते हैं, और पुराने कन्नड़ में करी। इसी से हमारी तरकारी आई। इलाइची, शिकाकाई, काला, मोर शब्द भी दक्षिण से ही आए हैं हिंदी में।

एक विद्वान हुए थे, आचार्य रघुवीर। भाषाविद, भारतीय संविधान सभा के सदस्य और कोशकार। उन्होनें डेढ़ लाख, जी हां डेढ़ लाख शब्दों का वैज्ञानिक और अन्य तकनीकी शब्दों का ईजाद किया। इसे ईजाद ही कहेंगे। उनका मानना था कि संस्कृत से हर चीज के लिए शब्द बन सकते हैं, पर उन्हें आंशिक सफलता ही मिली। सरकारी तंत्र ने तो उनके शब्द अपना लिए, पर आम हिंदीभाषी जनता ने इन्हें पूरी तरह नकार दिया। आचार्य ने सीमेंट को नाम दिया था वज्रचूर्ण, ब्रश को कूर्च, ट्रेन को संयान और सिगरेट को धूम्रवर्तिका। अब समझ गए न कि लोगों ने इन शब्दों को क्यों नकारा! पर शायद इन्हीं महानुभाव के कारण मुझे इल्क्ट्र से धातुकीय अभियांत्रिकी की डिग्री मिली। मैकेनिकल वालों को यांत्रिकी अभियांत्रिकी की डिग्री मिली।प्रख्यात विद्वान भगवान सिंह लिखते हैं, ह्यकई बार कवियों और विद्वानों को यह भ्रम रहता है कि वे नए शब्द गढ़ सकते हैं। अच्छा कवि या रचनाकार शब्द नहीं गढ़ता, वह उपलब्ध शब्दों के अर्थ और संयोजन से खेलता हुआ एक नया चमत्कार करता है। जब भी विद्वानों को शब्द गढ़ने का काम सौंपा गया, उन्होंने ऐसी शब्दावली गढ़ी कि उनके प्रचलन के बाद भाषा का सत्यानाश हो गया।

तो शब्द आखिर गढ़ता कौन है? भगवान सिंह के अनुसार,'किसी भाषा-भाषी समाज की पूंजी उसकी शब्दसंपदा के भीतर समाहित होती है। परंतु ज्ञान का विस्तार नई वस्तु, तकनीक, खोज और आविष्कार से जुड़ा होता है। शब्द वे गढ़ते हैं जो इनका उत्पादन, विकास या आविष्कार करते हैं।' भाषा विज्ञान के जानकार अभिषेक अवतंस नीदरलैंड की लेडेन यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं। उनका मानना है कि हिंदी के 'सरकारीकरण' से भाषा में कृत्रिमता आई है। हिंदी की जो अपनी पहचान थी, उसको सरकारीकरण ने नष्ट कर दिया। कई आम लोग जो हिंदी में ही बात करते हैं, वे भी सरकारी हिंदी समझ नहीं पाते और कई सारी चीजों से वंचित रह जाते हैं।' मिसाल के तौर पर वे आवेदन प्रपत्र (एप्लिकेशन फॉर्म) की चर्चा करते हैं। इसमें आपको कई ऐसे शब्द मिल जाएंगेः अभिप्रमाणित अभ्यर्थी, अनुक्रमणिका, सत्यापित, संलग्न । एक सामान्य हिंदीभाषी के लिए भी इन्हें शब्द समझना मुश्किल है। आप भाग्यशाली हैं तो शायद उसी फॉर्म में आपको अंग्रेजी में भी यह दिख जाएगा। अक्सर लोग अंग्रेजी पढ़कर हिंदी शब्द का मतलब समझते हैं।

अभिषेक अवतंस का कहना है कि राजनेता, जिनका जनमानस से जुड़े रहना अति आवश्यक है, भाषा की नब्ज पहचानते हैं। मसलन, बीजेपी का कामयाब चुनावी नाराः 'मोदी हैं तो मुमकिन है'। मुमकिन तो अरबी का शब्द है, इसकी जगह वे 'संभव' भी कह सकते थे। कोई भी भाषा एक जीती-जागती चीज है। इसे आप बांध कर रख दें तो कुछ समय के बाद यह मृतप्राय हो जाएगी। हिंदी खुद को संवारने में सक्षम है, अन्य भाषाओं से शब्द सहर्ष स्वीकार करती है और अपना बना लेती है।हम आम हिंदी भाषियों को 'पेट्रोल' वाली 'बस' में 'टिकट' लेकर घूमने में ही मजा आता है! हम तो ऐसे ही हैं भइया!

# अंग्रेजी के ज्ञान के बगैर आरक्षण है बेकार

इंडिया को श्रेष्ठतम संविधान देने के लिए डॉ. आंबेडकर ने विश्व के कुछ श्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन किया, स्वयं अपनी विद्वता का इस्तेमाल किया और अंततः कभी भी फेल न होने वाला संविधान बना डाला। कल्पना करें, क्या होता यदि डॉ. आंबेडकर अंग्रेजी भाषा न जानते! उच्च शिक्षा के लिए डॉ. आंबेडकर जुलाई 1913 में न्यू यॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय पहुंचे। बहुत कम समय में ही उन्होंने अपने सहपाठियों और प्रफेसरों को प्रभावित करना शुरू कर दिया। आंबेडकर के प्रफेसर्स, खासकर प्रफेसर जॉन डिवे, जेम्स शॉटवेल और सेलिमेन उनकी इंग्लिश से हैरान थे कि एक गैर अंग्रेजीभाषी देश के नागरिक को इतनी अच्छी इंग्लिश कैसे आती है।

**चंद्रभान प्रसाद**

इसको समझने के लिए पाकिस्तान की कहानी देख लें। पूर्वी पाकिस्तान यानी वर्तमान बांग्लादेश पाकिस्तान का एक प्रांत था। पर पाकिस्तान के संविधान में वह गहराई नहीं थी। उसने अपना एक हिस्सा वर्ष 1971 में खो दिया। ध्यान रहे, पाकिस्तान का निर्माण ही धर्म के आधार पर हुआ था, पर मुस्लिम बहुल पूर्वी पाकिस्तान विद्रोह कर अलग देश बन गया। इसके बरक्स अपने देश की कहानी देखें। एक अरब 25 करोड़ की आबादी वाले देश इंडिया में 29 राज्य और सात केंद्रशासित प्रदेश हैं, पर इंडिया का संघीय ढांचा बरकरार है। यह एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ता जा रहा है। जितना बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहुजातीय इंडिया है, उतना दुनिया का कोई भी देश नहीं। अमेरिका में जरूर 50 राज्य हैं, पर सभी अंग्रेजीभाषी हैं।

**संविधान और अखंडता :** इंडिया की एकता और अखंडता को हमारे संविधान ने बचा कर रखा है। अब इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि हमारा संविधान विश्व में श्रेष्ठतम है। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की सबसे बड़ी चिंता यही थी कि इंडिया की एकता, अखंडता किस तरह सदैव बनी रहे। इसका उत्तर उन्हें मिला फेडरलिज्म में। एक ऐसा संघीय ढांचा, जिसमें छोटे से छोटा राज्य भी अपने को सहज रख सके, बड़े राज्यों से डरे नहीं। बाबा साहेब इस कार्य में सफल रहे।

इंडिया को श्रेष्ठतम संविधान देने के लिए डॉ. आंबेडकर ने विश्व के कुछ श्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन किया, स्वयं अपनी विद्वता का इस्तेमाल किया और अंततः कभी भी फेल न होने वाला संविधान बना डाला। कल्पना करें, क्या होता यदि डॉ. आंबेडकर अंग्रेजी भाषा न जानते! उच्च शिक्षा के लिए डॉ. आंबेडकर जुलाई 1913 में न्यू यॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय पहुंचे। बहुत कम समय में ही उन्होंने अपने सहपाठियों और प्रफेसरों को प्रभावित करना शुरू कर दिया। आंबेडकर के प्रफेसर्स, खासकर प्रफेसर जॉन डिवे, जेम्स शॉटवेल और सेलिमेन उनकी इंग्लिश से हैरान थे कि एक गैर अंग्रेजीभाषी देश के नागरिक को इतनी अच्छी इंग्लिश कैसे आती है।

जाहिर है, आंबेडकर की विजय यात्रा में इंग्लिश पर मास्टरी एक जरूरी कदम था। इसीलिए डॉ. आंबेडकर ने इंग्लिश को शेरनी का दूध बताया तथा दलितों से इंग्लिश अपनाने का आह्वान किया। इंग्लिश को नैशनल लिंक लैंग्वेज बनाने की मांग करने वाले पहले राष्ट्रीय नेता आंबेडकर ही थे। भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखने में संविधान के बाद सबसे बड़ी भूमिका इंग्लिश की और फिर इंग्लिश बोलने वालों की है। इंग्लिश का असर दलित समाज पर भी साफ दिखता है। किसी भी अमेरिकी यूनिवर्सिटी में जाइए, वहां दलित छात्र मिल ही जाते हैं। ढेर सारे दलित अधिकारी जीवन भर की कमाई का काफी बड़ा हिस्सा खर्च कर अपने बच्चों की पढ़ाई विदेशों में करा रहे हैं। वे आरक्षण का त्याग कर रहे हैं और ओपन कैटिगरी में प्रतियोगिता के जरिए अपनी जगह बना रहे हैं। जाहिर है, अमेरिका में पढ़ाई करने के लिए पैसों से भी ज्यादा जरूरी है इंग्लिश भाषा का ज्ञान होना।

पर क्या जाट, गुर्जर, पटेल और कापू जैसी जातियों में भी इंग्लिश को वही स्थान प्राप्त है जो इसे दलितों के बीच हासिल है? उपर्युक्त चार जातियों का जिक्र इसलिए किया जा रहा है क्योंकि ये आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उत्तर भारत के जाट और गुर्जर, गुजरात के पटेल और आंध्र प्रदेश के कापू मूलतः शूद्र हैं। अतः जाट, गुर्जर, पटेल और कापू भी ओबीसी में आते हैं, क्योंकि इनकी सामाजिक चेतना और व्यवसाय ओबीसी जातियों की ही तरह है। कभी इनका भी सामाजिक शोषण हुआ है, हिंदू समाज की शोषण-श्रृंखला में ये भी निचले पायदान पर आते हैं। लेकिन इंग्लिश को लेकर इन चारों जातियों और समूचे ओबीसी समाज का रुख हैरान करने वाला है।

ओबीसी समाज के सबसे बड़े नेता राम मनोहर लोहिया हुआ करते थे। उन्होंने उत्तर भारत में एक बहुत बड़ा आंदोलन चलाया था जिसे 'अंग्रेजी हटाओ' का नाम दिया गया था। साठ के दशक में इस आंदोलन ने उत्तर भारत को काफी प्रभावित किया। इसके कारण ओबीसी परिवारों में इंग्लिश के प्रति अनादर पैदा हुआ। इसका नुकसान यह समाज आज तक भुगत रहा है।

**भूमंडलीकरण की भाषा :** ग्लोबलाइजेशन यानी भूमंडलीकरण एक सच्चाई है। दुनिया का कोई भी देश इससे अलग नहीं रह सकता। भूमंडलीकरण की एक भाषा है, जिसे इंग्लिश कहते हैं। चीन, जापान, फ्रांस और जर्मनी जैसे महान देशों में इंग्लिश जानने की होड़ मची है। व्यापार, मैन्यूफैक्चरिंग, शोध और शासन-प्रशासन की भाषा इंग्लिश ही है। एक अध्ययन आधारित निष्कर्ष यह है कि वर्ष 2050 तक इंग्लिश न जानने वाला व्यक्ति गूंगा-बहरा जैसा बन जाएगा। ऐसी स्थिति में इंग्लिश जाने बगैर जाट या समूचा ओबीसी समाज आरक्षण का क्या उपयोग कर पाएगा? एक बेहतर इंडिया के लिए यह जरूरी है कि सारे इंडियन इंग्लिश पढ़ने-पढ़ाने का व्रत लें। खासकर आरक्षण का लाभ ले रही सभी जातियों को वैसे ही अंग्रेजी अपनानी चाहिए जैसे दलित जातियां अपना रही हैं। जो जातियां दलितों की तरह अंग्रेजी को नहीं अपना रही हैं, उन्हें आरक्षण छोड़ देना चाहिए। जो जातियां आरक्षण की मांग कर रही हैं लेकिन अंग्रेजी अपनाने की ओर नहीं बढ़ रहीं, उन्हें अपनी मांग छोड़ देनी चाहिए। जो भी डॉ. आंबेडकर की जुबान अपनाएगा, वह आंबेडकर की तरह ही सितारों-सा चमचमाएगा।

# भगवान शिव के ये 6 अद्भुत रहस्य

शिव पुराण में भगवान शिव को देवों का देव अर्थात महादेव कहा गया है। भगवान शिव को सृष्टि का संहारक भी कहा जाता है लेकिन संहारक का अर्थ यहां केवल सृष्टि के अंत से नहीं है बल्कि सृजन की प्रक्रिया से है। जब-जब पाप धरती पर हावी हो जाता है और मनुष्यता का अंत होने लग जाता है, तो धरा को नवजीवन की आवश्यता होती है, ऐसे में धरती के सृजन के लिए भगवान शिव संहारक की भूमिका निभाते हुए सृष्टि का संहार करते हैं। इसके बाद ब्रह्मा धरा का सृजन करते हैं और फिर भगवान विष्णु जगत के पालनहार की भूमिका निभाते हैं। बात करें, भगवान शिव के जीवन की,तो महादेव के बारे में कहा जाता है कि शिव समस्त मोह-माया से दूर रहकर भी संसार से प्रेम करते हैं। कुछ पौराणिक कहानियों में महादेव को निमोर्ही भी कहा गया है। आइए, जानते हैं भगवान शिव के जीवन के 6 अद्भुत रहस्य, जो आपको कलियुग के कई सवालों के जवाब देकर आपको जीवन को समझने में मदद करेंगे। इन रहस्यों में जीवन के ऐसे उत्तर छुपे हैं, जो जीवन के प्रति आपको एक उम्मीद भी देंगे।

**अध्यात्म**

भगवान शिव के भक्तों में हर जीव शामिल हैं। मनुष्य, जीव-जंतु, असुर, दानव, प्रेत-आत्मा भगवान शिव के भक्त हैं लेकिन भगवान शिव के लिए सभी भक्त समान है। प्राकृतिक तरीकों से कैलाश पर्वत पर रहने वाले नंदी महाराज भी भगवान शिव के भक्त हैं और सोने की लंका का राजा यानी लंकापति रावण भी भगवान शिव का भक्त है। भगवान शिव के लिए केवल अपने भक्तों से मिलने वाला प्रेम और समर्पण भाव ही महत्व रखता है। उन्हें किसी भी भक्त के रहन-सहन और धन-वैभव से कोई मतलब नहीं है, उनके लिए सब समान है। कलियुग में भी हर मनुष्य को किसी भी अन्य मनुष्य के व्यवहार, व्यक्तित्व और विचारों को ही महत्व देना चाहिए न कि उनके वैभव या सांसरिक छवि को सबसे पहले रखना चाहिए। भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए भी कहा जाता है कि क्योंकि भगवान शिव सांसरिक बातों से कहीं ऊपर हैं। भगवान शिव न ही अपनी प्रशंसा से अभिभूत होते हैं और ना ही उन्हें आलोचना ही विचलित कर पाती है। भगवान शिव का स्वभाव जल की तरह शीतल यानी धैर्यशील है। वे मौन रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हैं। कलियुग में भी हमें यही सीख मिलती है कि हमें प्रशंसा और आलोचना से ऊपर उठकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना चाहिए। भगवान शिव हर जीव की मनोकामना पूरी करते हैं।

## हेल्थ

### सेहत का ध्यान रखना है जरूरी

**हाल** ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।

आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यतः मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं।

**देव प्रकाश, कोकर**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

## पुरानी साहिबगंज दुर्गा पूजा समिति गठित



**साहिबगंज :** ठाकुरबाड़ी पुरानी साहिबगंज दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को मंदिर प्रांगण में आहूत किया गया।जिसमे पूजा संबंधित सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इस वर्ष पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा।अनुशासन एवम स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।सजावट में मामले में पुरानी साहिबगंज दुर्गा पूजा समिति हर वर्ष नया एवम आकर्षण का करती हैइस वर्ष भी विशेष एवम भव्य सजावट की जाएगी।हर वर्ष की भांति प्रथम पूजा से ही पूर्ण विधिवत तरीके से पूजा अर्चना की जाएगी।बैठक में सर्वसम्मति से राजीव चौधरी को अध्यक्ष,गौतम कुमार यादव को सचिव बनाया गया।कोषाध्यक्ष जय शंकर साह बबलू उपसचिव सुनील चौधरी,उप कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी,उप कोषाध्यक्ष गौतम कुमार गोंड, उपाध्यक्ष आकाश चौधरी,प्रेम कुमार रजक,दिनेश यादव,बिनोद चौधरी,अमित कुमार यादव, संरक्षक उजागिर चौधरी,उमेश ओझा,दानी शंकर यादव,राजेश प्रसाद गोंड़,प्रभात चौरसिया,गोपाल यादव,रामाशीष चौधरी,लालू चौधरी,विजय जयसवाल,कौशल किशोर ओझा,जयप्रकाश साह,एवम मंदिर पूजा प्रभार नितेश दुबे (अतुल) को बनाया गया।पूजा का कुल बजट 8 लाख रुपया रखा गया है।मेला सीसीटीवी की निगरानी में रहेगी।विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से अनुशाशन के साथ करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## एफसीआई गोदाम के समीप से बाइक की चोरी

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ी झरना के समीप स्थित एफसीआई गोदाम के पास से शनिवार की देर शाम तालझारी प्रखंड के पंचायत सचिव अशोक रजक की बाइक चोरी हो गई।पीड़ित ने बताया कि बाइक से बाजार होकर समलापुर स्थित घर जा रहे थे। इस बीच एफसीआई गोदाम के पास बाइक रोक कर चाय पीने लगे। बाइक का हैंडिल लॉक था। इस बीच कुछ लोगों से बात करने लगे। फिर लगभग 8:30 बजे घर जाने के लिए दुकान से निकले तो उनकी नई ग्लैमर बाइक संख्या जेएच 18 एन 9663 वहां नहीं थी। उन्होंने बताया कि जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है।

## श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में परेशानी नहीं होगी : विमल यादव



**साहिबगंज :** पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिती साक्षरता चौक काटरगंज का बैठक मंदिर प्रांगण में आहूत किया गया।जिसमे पूजा को भव्य व धूमधाम से अनुशासन के साथ करने का निर्णय लिया गया।सर्वसम्मति से पूजा समिती का अध्यक्ष विमल यादव व अखिलेश यादव,सचिव वीरेंद्र यादव,झाबर गौड़ धीरन गौरव रमाकांत को बनाया गया।उपाध्यक्ष अंतेश यादव केदार यादव,प्रमोद यादव, धर्मेंद्र यादव,रिशु को बनाया गया। कोषाध्यक्ष आदित्य यादव को बनाया गया।वही पूजा का बजट 15 लाख रखा गया।जिसमे भव्य पूजा पंडाल निर्माण छह लाख की लागत से बंगाल के कारीगर कर रहे है।चार लाख का विद्युत साज सज्जा व साउंड सिस्टम,प्रतिमा व सजावट में एक लाख,विसर्जन भोग सहित अन्य मद में तीन लाख खर्च करने का निर्णय लिया गया।मेला सप्तमी से विजय दशमी तक लगाया जाएगा।जिसकी निगरानी के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया।सीसीटीवी ओर कमिटी सदस्य मेला पर पैनी नजर रखेंगे। अध्यक्ष विमल यादव ने बताया कि पंडाल व विद्युत साज सज्जा में शहर का नंबर एक रहेगा। विसर्जन भी काफी भव्य ओर आकर्षक रखेगा।श्रद्धालुओ को कोई भी तरह की मेला क्षेत्र में परेशानी नहीं होगी।

## चालकों को मिले उचित सम्मान : सुकुमार



**साहिबगंज :** ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ एक दिवसीय महासम्मेलन बोरियो के डाक बंगला के समीप परिसर में आयोजित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष वकील महतो ने की।कार्यक्रम के आयोजन में प्रखंड अध्यक्ष सुकुमार रुज सहित प्रखंड के अंश सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम का शुभारंभ बाइक और वाहन रैली से किया गया।यह रैली राजमहल प्रखंड से शुरू होकर राजमहल,तीनपहाड़,कल्याण चक महाराजपुर तालझारी,सकरी गली,साहिबगंज होते हुए बोरियो पहुँचा।जहां डाक बंगला के समीप सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में महासंघ के जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी में महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित करने वाले सदस्यों को बारी-बारी से अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान संघ के सुकमार रूज ने कहा कि वाहन चालकों के कल्याण नाथ संघ का गठन किया गया है।संघ के माध्यम से वाहन चालकों को मजबूती प्रदान किया जाएगा। चालकों को सुविधा उपलब्ध हो सके।इसके लिए संघ के माध्यम से सरकार को गुहार लगाई जाएगी।वहीं संघ के जिला अध्यक्ष वकील महतो ने कहा कि चालक समाज का वह तबका है जो हर व्यक्ति के लिए काम करता है।चाहे बच्चों को स्कूल से लाना हो या ले जाना हो लोगों को ऑफिस ले जाना हो बाजार जाना हो कहीं ना कहीं उन्हें चालक की जरूरत जरूर महसूस होती है। चालक भले ही हर तक के लोगों को सहयोग करता है,लेकिन उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल पाता है। उनके सम्मान की रक्षा के लिए इस संघ का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के ज्यादातर कार्यालय में भाड़े का चालक से काम लिया जाता है। ऐसे में सरकार से उन लोगों का आग्रह हुआ कि उन पदों पर जहां कि भाड़े के चालक से काम में जा रहा है उनका स्थाई तौर पर नौकरी दी जाए।उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी कार्य कंपनियां में भी उन लोगों को अस्थाई रूप से नौकरी की सुविधा मिले ताकि उन लोगों का परिवार को एक परमानेंट जीविका का साधन उपलब्ध हो सके।कार्यक्रम के दौरान महासंघ के अन्य पदाधिकारी ने भी बारी-बारी से अपने विचार रखें।महासम्मेलन के दौरान संघ के जिला उपाध्यक्ष जगत पंडित,सचिव रोशन जलाल,प्रखंड अध्यक्ष सुकुमार रुज,प्रखंड उपाध्यक्ष मुस्लिन अंसारी,कोषाध्यक्ष हीरालाल समेत जिले भर से बड़ी संख्या में वाहन चालक मौजूद थे।

# झारखंड के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है : बाबूलाल मरांडी

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका के कन्वेंशन सेंटर में संथाल परगना के सभी महाविद्यालय के छात्रावास से आए छात्र-छात्राओं के साथ भाजपा के घोषणा पत्र सुझाव अभियान के निमित्त सीधा संवाद किए। इस बैठक का उद्देश्य भाजपा के आगामी विधानसभा चुनाव संकल्प घोषणापत्र के लिए युवाओं के विचार और सुझाव प्राप्त किया। संताल परगना के सभी छात्रावास के सभी छात्र नायक/नायिका ने अंगवस्त्र देकर बाबूलाल मरांडी जी का स्वागत किया । छात्र नेता श्याम देव हेंब्रम ने बाबूलाल मरांडी को आदिवासी परंपरा से पगड़ी पहनाकर स्वागत किया ।

श्री मरांडी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, झारखंड के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। भाजपा का संकल्प घोषणापत्र केवल एक राजनीतिक दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड के हर नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हम चाहते हैं कि आपके



विचार और सुझाव इसमें सम्मिलित हों, ताकि इसे और अधिक प्रभावी और प्रासंगिक बनाया जा सके।

छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपने सुझाव और विचार साझा किए, जिनमें शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, और सामाजिक विकास के लिए नई योजनाओं की मांग शामिल थी। श्री मरांडी ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें भाजपा के घोषणापत्र में समाहित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, आपके सुझाव हमें झारखंड के भविष्य को और उज्जवल बनाने में मदद करेंगे। हम एक ऐसा प्रदेश बनाना चाहते हैं, जहां हर युवा को अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से विकसित करने का अवसर मिले।

श्री मरांडी ने भाजपा की नीतियों और योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया, जिससे छात्रों को पार्टी के विजन और मिशन की गहरी समझ मिली। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में विकास की गति को नई दिशा मिलेगी और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

यह संवाद सत्र न केवल भाजपा के घोषणापत्र को समृद्ध करेगा, बल्कि युवाओं को भी प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेगा।

उक्त कार्यक्रम में विधायक अनंत कुमार ओझा,विधायक अमित मंडल,प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लुईस मरांडी,प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, रविकांत मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा,पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जिलाध्यक्ष महामंत्री व मंडल अध्यक्ष हटाने की मांग



मेट्रो रेज संवाददाता

**जामा।** प्रखंड अंतर्गत बारापलासी हाईस्कूल मैदान में रविवार को भाजपा के एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश मरांडी की अध्यक्षता में जामा मंडल में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राजेन्द्र मुर्मू ने कहा कि जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद, जिला महामंत्री मनोज पांडेय एवं पूर्व जिलाध्यक्ष निवास मंडल के द्वारा विगत लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य किये गए थे और अगामी विधानसभा चुनाव में भी इन लोगों पर कार्यकताओं को भरोसा नहीं है कि इनलोगों द्वारा संगठन के हित में काम किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष से मांग किया कि सभी कमेटियों को भंग कर नये कमिटी का गठन किया जाय जिससें आने वाले विधनसभा चुनाव में मजबूती के साथ पार्टी तैयार होकर चुनाव लड़े अन्यथा विधनसभा में पार्टी की दुर्गति होना तय है। बैठक में नारेबाजी करते हुए अभिलंब दुमका जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष हटाने की मांग की गई। बैठक में राजीव कुमार मुर्मू, पुलिस हेम्ब्रम, हेमलाल मुर्मू,निर्मल मुर्मू, सुनील टुडू, बाबूराम मरांडी,सुफल टुडू, रामधन सोरेन, प्रकाश किस्कू, रावण किस्कू, अजय किस्कू, शेवाधन बास्की, राजेश बास्की, प्रेमशल टुडू, रामलाल हांसदा, रूसीलाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मैट्रिक और इंटर के सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज संवाददाता

**जामा।** आइडियल कंपीटिशन सेंटर खुटाबांध दुमका के तत्वावधान में निदेशक शिवनारायण दर्वे के द्वारा पंचायत भवन सिमरा में प्रतिभा सम्मान समारोह सह करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्ष 2024 में सफल हुए इंटर और मैट्रिक के विद्यार्थियों के बीच किया गया।

आइडियल कंपीटीशन सेंटर के द्वारा लगातार दूसरा वर्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिवाकर महतो, विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति के चैयरपर्सन डॉ.अमरेंद्र कुमार यादव, उप प्रमुख जामा पूनम देवी, ग्राम प्रधान नंदलाल दर्वे, समाजसेवी गौतम दर्वे, धनंजय प्रसाद यादव प्रफुल्ल माँझी, अर्जुन राउत, दिलीप यादव, ताराचंद राय एवं सैकड़ो छात्राएं




एवं ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्य अतिथि दिवाकर महतो ने सम्मान समारोह में सफल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की अमूल्य रत्न है, शिक्षा से ही देश और मानव में विकास हो सकता है, निदेशक शिवनारायण दर्वे ने उपस्थित विद्यार्थियों के बीच कहा कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से सफलता मिलती है तथा उन्होंने यह भी कहा गरीब बच्चों को बहुत ही कम फीस में कम्पटीशन की तैयारी अपने संस्थान में करवाया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव ने छात्राओं को कहा कि निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण करें जब भी आवश्यकता होगी हम सभी सहायता के लिए तैयार हैं। प्रतिभा सम्मान समारोह में इंटर और मैट्रिक के विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, सामान्य ज्ञान की पुस्तक इत्यादि से सम्मानित किया ।

सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में इंटर के पीयूष आनंद, जयकांत राय, राहुल राणा, मुन्ना कुमार मंडल, करण कुमार तथा वर्ग दशम के विजय मांझी सौरभ कुमार सरिता कुमारी रवीना कुमारी एवं अन्य कई। कार्यक्रम का संचालन धनन्जय प्रसाद यादव के द्वारा किया गया।

## माही ऑटोमोबाइल व बिल्डिकॉम से लाखों की चोरी

### घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, घटनस्थल से कई सामान बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** थाना क्षेत्र दुलुमपुर मोड़ के समीप अज्ञात चोरों द्वारा माही ऑटोमोबाइल व माही बिल्डिकॉम से लाखों की चोरी की घटना का मामला प्रकाश मे आया है।चोरो ने चोरी की घटना को बखूबी अंजाम देकर लाखो की सम्पत्ति लेकर नौ दो ग्यारह हो गये।मामले को लेकर मकान मालिक दुलुमपुर निवासी दिलीप कुमार साहा पिता सागर मोहन साहा ने बरहरवा थाना मे आवेदन देकर बताया है कि रोजाना की भांति रात्रि लगभग आठ बजे अपने तीनो दुकान बंद कर सभी स्टाफ के साथ घर चले गये।रविवार को सुबह जब उठा तो देखा कि मेरा दुकान का खिड़की का ग्रिल टूटा हुआ है। सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर पता चला कि रात्रि के ढाई बजे दुकान के पीछे का खिड़की का ग्रील तोड़कर तीन लोग अपने चेहरे को ढककर प्रवेश किया एवं लॉकर तोड़कर रखा हुआ नगद राशि लगभग 958000? एवं सोने के छ सिक्के व चांदी के छ सिक्के एवं मोटरसाइकिल की बैटरी लेकर पुनः उसी रास्ते से निकल फरार गया।वहीं जब



रंग व टाइल्स दुकान का सीसीटीवी कैमरा जाँच किया तो देखा कि रात्रि 12 बजे पीछे का खिड़की का ग्रिल तोड़कर दो चोर चेहरा ढककर अंदर आये एवं कैश काउंटर से 105000? नगद एवं एक मॉनिटर लेकर उसी रास्ते से भाग गये।मकान मालिक ने 1063000 रुपये कि चोरी होने कि अशंका जताई है।दुकान मालिक ने बताया कि इसके पूर्व 23अक्तुब 2023मे भी इस दुकान से चोरी की घटना घटित हुई थी ।इधर घटना की जानकारी मिलते ही बरहड़वा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार, थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह और एएसआई जुमराती अंसारी दल बल के साथ पहुंचकर मामले के छानबीन में जुट गए।वहीं घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड की टीम दुमका से रविवार को दोपहर 2 बजकर 45 मिनट पर घटनस्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए।अनुसंधान के दौरान घटनास्थल से गमछा,एक रॉड व एक सलाय रेंज पुलिस ने बरमाद किया है।आशंका जताई जा रही है बरमाद किये गए सामग्रियों का इस्तेमाल घटना को अंजाम देने के लिए किया गया है।मामले को लेकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह ने बताया कि चोरी के मामले की छानबीन की जा रही है।जल्द ही इस मामला का उद्दवेदन कर लिया जाएगा।

## अस्पतालों में सही इलाज को लेकर मशाल जुलूस निकला

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल की अध्यक्षता में उधवा मंडल मे युवा विरोधी हेमंत सरकार के द्वारा हड़बड़ी में निकाली गई।

उत्पाद सिपाही की बहाली के कारण राज्य के युवाओं का हो रहा स्वास्थ्य क्षति और मौत एवं इलाजरत अभ्यार्थियों को अस्पतालो में अच्छी इलाज ना प्रदान करने को लेकर मसाल जुलूस निकल गया एवं झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।हजारों की संख्या में युवा इस जुलूस में भाग लिए एवं सभी ने इस युवा विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिए जिस ढंग से या सरकार युवाओं की खिलाफ काम कर रही है इस वजह से युवाओं में बहुत ही आक्रोश है।जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस गर्मी के मौसम एवं उमस में क्या उचित था युवाओं की बाहरी करने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को युवाओं के स्वास्थ्य की चिंता नहीं युवाओं के जीवन का कोई महत्व नहीं राज्य सरकार के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं ना ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धि ना अच्छे डॉक्टर युवाओं को घंटे घंटी खड़ा करवा कर भीषण गर्मी में रखा जाता है और उसके बाद उन्हें दौड़ने को कहा जाता है।श्री मंडल ने कहा कि सड़कों पर युवा मजबूर थे रात गुजारने को उन्हें कोई सुविधा नहीं दी गई थी।हेमंत सोरेन राज्य का युवा आपसे पूछता है। युवाओं के जीवन के साथ खेलने का अधिकार आपको किसने दिया।आने वाले चुनाव में इस राज्य का युवा आपकी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। मौके पर जयकांत वर्मा, रूपेश्वर सरकार,राहुल भगत, कमलेश मंडल,उदय मंगल,मुन्ना मंडल,शिवानंद कुमार, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मशरूम की खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से 10 दिवसीय मशरूम की खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड आजीविका सखी मंडल के जॉब एंड स्किल्स जिला प्रबन्धक राजेंद्र कुमार,अतिथि प्रशिक्षक सनेली हेंब्रम,आरसेटी निदेशक रविन्द्र कुमार,एवं आरसेटी वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप ने सँयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।श्री राजहंस कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं। जो कि निशुल्क है। आप प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना खुद को रोजगारी कर बेरोजगारी को दूर कर सकते हैं जिसमें बैंक आपको सहयोग करेगा अपने कार्यों को स्टार्ट करने में एवं आपको अपने बिजनेस को किस तरह करना है उसकी तकनीकी जानकारी पूर्ण रूप से दी जाएगी।आरसेटी के प्रशिक्षक ने कहा की प्रशिशुओं को स्वामलंबी बनने हेतु उसको मोटिवेशन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गेमों के माध्यम से जैसे रिंग टॉस,टॉवर मेकिंग, बोट बिल्डिंग,आइस ब्रेकिंग से भी उन्हें उत्साहित किया जाता है।ताकि उसके अंदर उद्यमशीलता की भावना जागृत हो और स्वयं को रोजगारी बनाएं ।

## छह नाबालिग युवकों को आरपीए ने कराया मुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता


**साहिबगंज/बरहरवा:** रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को बरहरवा रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। फोर्स ने ट्रैफिकिंग कर मजदूरी कराने के लिए ले जाए जा रहे 6 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया है। मुक्त कराए गए सभी बच्चों साहिबगंज जिले के रहने वाले हैं। इन बच्चों की उम्र 15 से 17 साल के बीच है। बताया जा रहा है कि इन बच्चों को तस्कर द्वारा दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था।पूछताछ के क्रम में पता चला है कि बच्चों को खेती में मजदूरी कराने के लिए ले जाया जा रहा था।सभी बच्चों को हर महीने पांच-पांच हजार रुपए दिए जाने की बात कही गई थी।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की कुछ लड़कों को बाहर



काम के लिए भेजा जा रहा है ।सूचना मिलते ही शनिवार की देर शाम आरपीएफ की टीम ने आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर छापेमारी की।इस दौरान इन बच्चों को देखा तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद जब बच्चों से पूछताछ की गई तब मामले का खुलासा हुआ।मुक्त कराए गए दोनों बच्चों को बाल संरक्षण मंथन साहिबगंज को सौंप दिया गया है।पूछताछ के क्रम में इन्होनें अपना पहचान बाबूलाल मालतो पिता, नारायण मालतो , बाबूलाल पहाड़िया, पिता भीमा पहाड़िया , लखन मालतो, पिता गसी मालतो,भीम मालतो ,पिता मंझला मालतो, दिलीप मालतो ,पिता सुनील मालतो पंकज टुडू पिता युग टुडू बताया है ।आगे बताया की वे समय पहाड़िया, पिता पागल मैसा पहाड़िया के मध्यम से काम करने के लिए दिल्ली भेजा जा रहा था।बता दें कि झारखंड-बिहार से बच्चों और लड़कियों की ट्रैफिकिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। इन्हें दिल्ली में चलने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों को सौंप दिया जाता है।और इसके बाद उन्हें दिल्ली, राजस्थान उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के शहरों में बेच दिया जाता है।

# राजकुमार राव की 'स्त्री 2' ने शाहरुख की 'जवान' को चटाई धूल, बम्पर हुई कमाई





**राजकुमार राव**, श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस जो कमाल दिखाया है, वो हर किसी के वश की बात नहीं। बड़े-बड़े सितारे अपनी बड़ी बजट की फिल्में लेकर इस साल हाजिर हुए, लेकिन ऐसा तहलका बॉक्स ऑफिस पर वो भी न मचा सके। महज 120 करोड़ के अंदर बनी इस धाकड़ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया है और पहले दिन से ही कई बड़ी फिल्मों को पछाड़ दी है। साल 2018 में आई फिल्म 'स्त्री' के इस सीक्वल का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था और फाइनली जब ये रिलीज हुई तो अपने रेकॉर्ड तो इसने तोड़े ही, बॉलीवुड की कई धांसू फिल्मों को पछाड़ दिया है। आइए जानते हैं तीसरे रविवार को यानी 18वें दिन फिल्म ने कितनी की है कमाई।

राजकुमार राव , श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना जैसे सितारों से सजी फिल्म 'स्त्री 2' की बात करें तो इस हॉरर फिल्म की कहानी ने लोगों को खूब गुदगुदाया है। हालांकि, जहां पिछली फिल्म में ये साफ नहीं था कि असल में स्त्री कौन है, वहीं इस बार मेकर्स ने श्रद्धा कपूर के किरदार को लेकर सब क्लियर कर दिया है। कहानी, फिल्म का गाना सब लोगों को काफी पसंद आया है। इस बार कहानी में ट्विस्ट ये है कि जिस स्त्री का खौफ चंदेरी गांव के लोगों को पहले हुआ करता था, वहीं स्त्री की मदद उन्हें सरकटा के आंतक से गांववालों को बचाने के लिए चाहिए। इस फिल्म ने पहले दिन से ही जो तूफान मचाया है, उसका असर बॉक्स ऑफिस पर खूब दिखा। इस फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ की छप्परफाड़ कमाई की थी।

## 'स्त्री 2' 18वें दिन 'जवान' से निकली आगे

फिल्म ने 18वें दिन यानी तीसरे रविवार को भी बम्पर कमाई की है। अगर इस फिल्म की तुलना पिछले साल की सबसे धाकड़ फिल्म शाहरुख की 'जवान' से करें तो राजकुमार राव की ये फिल्म बहुत आगे निकल चुकी है। करीब 300 करोड़ के बजट में बनी शाहरुख की 'जवान' ने बॉक्स ऑफिस पर साल 2023 में सबसे अधिक कमाई की थी और 18वें दिन इस फिल्म ने 14.95 करोड़ की कमाई की थी, जिसमें हिन्दी, तमिल और तेलुगू भाषा के कलेक्शन भी शामिल हैं।

### 'स्त्री 2' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 680 करोड़ पार

'स्त्री 2' ने रविवार को 22 करोड़ की कमाई करते हुए कुल कमाई 480.05 करोड़ रुपये कर चुकी है। इसके अलावा इस फिल्म ने 680 करोड़ से ऊपर की कमाई कर ली है। वहीं 17 दिनों में फिल्म ने विदेशों में 110 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया और वहीं देश में ग्रॉस कलेक्शन 547.25 करोड़ को पार कर गया है।

वहीं 120 करोड़ के अंदर बनी 'स्त्री 2' ने 18वें दिन रविवार को 22.0 करोड़ की कमाई की, जो 'जवान' से 7.05 करोड़ अधिक है। यानी साफ है कि छोटे बजट की इस फिल्म ने बड़े सुपरस्टार्स की भारी भरकम बजट की फिल्मों को चित कर दिया है।




# दीपिका पादुकोण के बच्चे का 28 सितंबर को होगा जन्म?

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। क्योंकि वो महीना शुरू हो चुका है, जिसके लिए पिछले 9 महीने से आंखें बिछाए बैठे थे। जैसा कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। वह अपने पहले बच्चे के स्वागत की उम्मीद कर रही हैं। फरवरी, 2024 महीने के आखिरी दिनों में कपल ने ये गुड न्यूज सबको दी थी और बताया था कि सितंबर में डिलीवरी होनी है। अब वो डेट भी आ गई है सामने, जिसका रणबीर कपूर से कनेक्शन है। दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी की खबर सुनकर हर कोई खुश था। हर कोई उन्हें बधाइयां दे रहा था। लेकिन फिर बीच में लोगों ने खरीखोटी सुनानी शुरू कर दी। ये कहा कि वह सेरोगेसी के जरिए मां बनने वाली हैं। उनका बेबी बंप नकली है। हालांकि एक्ट्रेस और एक्टर की तरफ से इन सब पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उन सबके बीच अब एक्ट्रेस की डिलीवरी का समय भी नजदीक आ गया है। बताया जा रहा है कि शादी के 6 साल बाद कपल इस दिन माता-पिता बनेंगे।

### इस दिन होगी दीपिका पादुकोण की डिलीवरी?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका की डिलीवरी डेट 28 सितंबर बताई जा रही है। वह साउथ मुंबई के हॉस्पिटल में बेबी को जन्म देंगी। बीच में उनके ग्लो को देखते हुए इंटरनेट यूजर्स ने लड़का होने की उम्मीद जताई थी। मगर ये जानने के लिए अभी भी थोड़ा इंतजार करना होगा। अब इस डेट का रणबीर कपूर से कनेक्शन है क्योंकि उसी दिन एक्टर का जन्म हुआ था। यानी उनका बर्थडे 28 सितंबर को आता है।



# दोनों के बीच आएदिन लड़ाई होती रहती थी : एश्वर्या राय

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्तों में खटास की चर्चा काफी दिनों से चल रही थी। अभिषेक इसे अफवाह भी बता चुके हैं। इससे पहले दोनों ने अलग-अलग इंटरव्यू में माना था कि शादी की शुरूआत में उनके बीच लगातार झगड़े होते थे। फिल्म 'उमराव जान' की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन करीब आए। कुछ समय तक साथ रहने के बाद वर्ष 2007 में उन्होंने शादी कर ली। उनकी शादी को 17 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन अब एश्वर्या राय ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि दोनों के बीच आएदिन लड़ाई होती रहती थी। वर्ष 2010 में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक और ऐश्वर्या से पूछा गया था कि उनके बीच कितने झगड़े होते हैं। ऐश्वर्या ने इस बात पर सहमति जताई थी कि वे हर दिन लड़ते हैं। हालांकि अभिषेक ने तब सफाई देते हुए कहा था कि 'यह सिर्फ अपने विचार व्यक्त करने जैसा था। कोई झगड़ा नहीं होता। इसमें कुछ भी गंभीर नहीं था, बल्कि एक स्वस्थ लड़ाई थी, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो उस रिश्ते में कोई मजा नहीं होता।' ऐश्वर्या से पूछा गया कि क्या अभिषेक ने भी कहा था कि आप दोनों रोज लड़ते हैं, इसमें कितनी सच्चाई है? ऐश्वर्या ने कहा, 'जब मैं कहती हूं कि हम 10 साल से साथ हैं तो मेरा यही मतलब है। तो हम शादी से पहले से एक जैसे ही हैं।'इस बीच, कुछ दिनों पहले ऐसी अफवाह थी कि ऐश्वर्या और अभिषेक अलग हो गए हैं। तब इन दोनों के फैंस को उम्मीद थी कि इनके बीच सबकुछ ठीक हो जाएगा। हालांकि, इसके बाद जब एक बार फिर अनंत और राधिका की शादी में ये दोनों अलग-अलग अंदाज में नजर आए तो एक बार फिर इनके अलग होने की अफवाहें उड़ीं। हालांकि, आखिरकार अभिषेक ने सामने आकर कहा कि ये सब अफवाहें हैं।






# फिल्म 'इमरजेंसी' को अभी तक नहीं मिला सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट, कंगना ने कहा- मिल रही रेप की धमकी

बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर लाइमलाइट में हैं. एक्ट्रेस की इस फिल्म का जहां एक तरफ इनके फैंस इंतजार कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोग इसका जमकर विरोध कर रहे हैं. कंगना को अपनी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं क्योंकि एक्ट्रेस ने बताया था कि इसको बनाने के लिए इन्होंने अपना सब कुछ लगा दिया है. इसी कारण कंगना रनौत अपनी इस फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरों से कर रही हैं. हालांकि, रिलीज के पहले ही एक्ट्रेस की इस फिल्म को बायकॉट किया जा रहा है. साथ ही एक्ट्रेस को जान से मारने की और रेप की धमकियां दी जा रही हैं. अब इस बीच एक्ट्रेस ने एक नया वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया कि फिल्म इमरजेंसी को सेंसर बोर्ड के पास रोक दी गई है और ये गलत अफवाह है कि हमारी फिल्म को रिलीज होने के लिए मंजूरी दे दी गई है. आपको बता दें कि कंगना रनौत की यह फिल्म 6 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है जिसमें एक्ट्रेस पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आने वाली हैं. कंगना रनौत ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया कि- 'मेरी फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेशन मिल गया है जो कि बिल्कुल भी सही नहीं है. मेरी फिल्म को अब तक सेंसरबोर्ड ने सर्टिफिकेट नहीं दिया है क्योंकि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के सदस्यों को और मुझे लगातार धमकियां मिल रही हैं.' कंगना ने आगे कहा- 'उन्होंने कहा कि उन पर सिख सुरक्षाकर्मियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या को न दिखाने का दबाव है. अब ऐसे में सवाल है कि फिल्म तय रिलीज डेट को रिलीज हो पाएगी या नहीं?'

## अंडर-19 विश्व बीच वॉलीबॉल

# पोलैंड, अमेरिका ने क्रमश : पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता

एजेंसी

**शीआन।** पोलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका ने रविवार को उत्तर-पश्चिम चीन के शांग्लुओ शहर में आयोजित अंडर-19 विश्व बीच वॉलीबॉल चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

पोलैंड के शिमोन पिएत्रस्जेक और जैकब क्रजेमिंस्की तथा लातविया के मैटिस साल्कोव्स्की और कार्लिस जौंडजेकर्स के बीच पुरुषों के फाइनल में, पोलिश जोड़ी ने पहले सेट में छह सेट पॉइंट बचाए और फिर 25-23 से सेट अपने नाम कर लिया।

दूसरे सेट में, स्कोर एक बार 18-18 से बराबर हो गया था। लातवियाई जोड़ी दो में से एक मैच पॉइंट बचाने में सफल रही, लेकिन पिएत्रस्जेक ने निर्णायक स्पाइक के साथ 21-19 से जीत दर्ज की। महिलाओं की प्रतियोगिता में, यू.एस. की जोड़ी मिरिया मैसी और लिली डेविस का सामना स्पेन की सोफिया इजुजिक्वजा कोरुल्ला और मार्टा कैरो मार्केज डी एक्यूना से हुआ।

पहले सेट के मध्य में अमेरिकी खिलाड़ियों ने 5 अंकों की बढ़त बना ली थी, जिसमें मैसी ने अपने लम्बे विरोधियों के खिलाफ स्पाइक्स और डिंक्स का प्रभावी ढंग से मिश्रण किया और अमेरिकी टीम ने पहला सेट 21-16 से जीत लिया। दूसरे सेट की शुरूआत में, स्पेनिश जोड़ी 1-5 से पीछे हो गई, जबकि टाइमआउट के बाद लगातार तीन अंक वापस लेने में सफल रही। हालाँकि, अमेरिकी टीम ने पूरे समय अपना नियंत्रण बनाए रखा। मैच का समापन मार्टा कैरो द्वारा नेट में सर्विस करने के साथ हुआ, जिससे अमेरिकी जोड़ी ने 21-16 से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा कर लिया।




# पेरिस पैरालिंपिक: रोमांचक मुकाबले में राकेश कुमार कांस्य पदक से चूके

**पेरिस।** पेरिस पैरालिंपिक 2024 में सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पुरुषों के पैरा तीरंदाजी व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन कांस्य पदक मैच के रोमांचक समापन में राकेश कुमार को दिल तोड़ने वाला अंत देखने को मिला। कुमार कांस्य पदक से चूक गए, वह 146-147 के स्कोर के साथ चीन के ही जीहाओ से सिर्फ. एक अंक पीछे रहे। नजदीकी हार के बावजूद, कुमार का चौथा स्थान पाना पैरालिंपिक इतिहास में किसी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज की सर्वोच्च उपलब्धि है। प्रतियोगिता में इससे पहले, कुमार ने राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशिया के विश्व नंबर 2 केन स्वगुमिलांग को हराया और क्वार्टर फाइनल में कनाडा के काइल ट्रेम्बले को हराया। हालांकि, वह सेमीफाइनल में चीन के ऐ शिनलियांग से हार गए। भारत ने अब तक चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य के साथ कुल सात पदक हासिल किए हैं। सोमवार को निषाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में भी रजत पदक जीता। रविवार को भारतीय पैरास्प्रिंटर प्रीति पाल ने 200 मीटर टी-35 में 30.01 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ, प्रीति ने इतिहास रच दिया क्योंकि वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। इससे पहले प्रीति ने टी35 100 मीटर दौड़ में 14.21 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक जीता, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय भी है।

# पेरिस पैरालिंपिक: भाविनाबेन पटेल महिला एकल डब्ल्यूएस 4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल चल रहे पेरिस पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल डब्ल्यूएस4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने रविवार रात मैक्सिको की मार्था वर्डिन के खिलाफ तीन सीधे सेटों (11-3, 11-6, 11-7) में अपना मैच जीता। दूसरी ओर, दूसरी महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी सोनलबेन पटेल क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं। वह महिला एकल - डब्ल्यूएस3 में क्रोएशिया की एंडेला मुज़िनिक विंसेटिक के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में 3-11, 12-10, 7-11,5, 11 से अपना मैच हार गईं। इससे पहले 30 अगस्त को भाविना और सोनलबेन पदक जीतने से चूक गईं थीं, क्योंकि उन्हें कोरिया की यंग ए जंग और सुंधी मून की जोड़ी ने महिला डबल्स टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में हरा दिया था। मैच 5-11, 6-11, 11-9, 6-11 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ। इस बीच, सोमवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) निषाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में रजत पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में अब तक कुल सात पदक हासिल कर लिए हैं, जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य शामिल हैं।

## पैरा-स्प्रिंटर प्रीति पाल ने रचा इतिहास

# पेरिस पैरालिंपिक में जीता दूसरा पदक

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय पैरा स्प्रिंटर प्रीति पाल ने रविवार देर रात 200 मीटर टी-35 रेस में कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ, प्रीति ने इतिहास रच दिया क्योंकि वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। इस स्पर्धा में प्रीति ने 30.01 सेकंड में दौड़ पूरी कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इससे पहले शुक्रवार को प्रीति ने महिलाओं की टी35 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 14.21 सेकंड का समय लिया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी था।पैरा-एथलीट ने पेरिस पैरालिंपिक में अपना दूसरा पदक जीतने के बाद कहा, 'मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और मुझे खुशी है कि मैंने एक और पदक जीता। 100 मीटर में पदक जीतने के बाद लोगों ने मुझे ट्रोल किया और इससे मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा मिली।'

इससे पहले, प्रीति की लगन और कड़ी मेहनत का नतीजा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के लिए उनके चयन के रूप में सामने आया, जहां उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पधाओं में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पेरिस पैरालिंपिक के लिए अपना कोटा प्राप्त किया। इस पदक के साथ, भारत ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल छह पदक हासिल कर लिए हैं।



# उज्जैन: आज निकलेगी भगवान महाकाल की शाही सवारी, सात स्वरूपों में देंगे दर्शन

एजेंसी

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारियों के क्रम में सातवीं और अंतिम शाही सवारी आज (सोमवार को) शाम धूमधाम से निकाली जाएगी। अवंतिकानाथ चांदी की पालकी में सवार होकर नगर का भ्रमण कर अपनी प्रजा का हाल जानेंगे। इस दौरान भगवान महाकाल सात स्वरूपों में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। रजत पालकी में चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरुड़ रथ पर शिवतांडव, नन्दी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद, घटाटोप मुखोटा स्वरूप और सप्तम सवारी में सप्तधान का मुखारविंद सम्मिलित रहेगा।



मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि सावन-भादौ मास में भगवान महाकाल की सात सवारी निकाली जाती है। आज भाद्रपद मास के दूसरे सोमवार को भगवान महाकाल की शाही सवारी निकलेगी। सवारी निकलने के पूर्व महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में विधिवत भगवान चन्द्रमौलेश्वर का पूजन-अर्चन होगा और तत्पश्चात भगवान रजत पालकी में विराजित होकर अपनी प्रजा के हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के द्वारा पालकी में विराजित भगवान चन्द्रमौलेश्वर को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि भगवान महाकाल की सवारी अपने निर्धारित समय शाम चार बजे से प्रारंभ होकर कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा, बक्षीबाजार चौराहा, कहारवाड़ी, हरसिद्धि पाल से रामघाट पहुंचेगी, जहां पालकी में विराजित भगवान चंद्रमौलेश्वर एवं गजराज पर आरूढ़ मनमहेश का मां क्षिप्रा के जल से अभिषेक और पूजन-अर्चन होगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, बंबई वाले की धर्मशाला, गणगौर दरवाजा, खाती समाज का जगदीश मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, कमरी मार्ग, टंकी चौराहा, तेलीवाडा, कंठाल, सतीमाता मंदिर, छत्री चौक, गोपाल मंदिर पर पहुंचेगी, जहाँ सिंधिया स्टेट द्वारा पररम्परानुसार पालकी में विराजित भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन किया जाएगा। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस मौके पर मौजूद रहेंगे और भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन करेंगे। उसके बाद सवारी पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, कोट मोहल्ला, महाकाल चौराहा होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचेगी।

### शाही सवारी के चल समारोह का स्वरूप इस प्रकार रहेगा

भगवान महाकाल की शाही सवारी के चल समारोह में सबसे आगे मंदिर का प्रचार वाहन चलेगा। उसके बाद यातायात पुलिस, तोपची, भगवान महाकालेश्वर का रजत ध्वज, घुडसवार, विशेष सशस्त्र बल सलामी गार्ड, स्काउट/गाइड सदस्य, कांग्रेस सेवा दल, सेवा समिति बैंड के बाद उज्जैन के अतिरिक्त मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से परंपरागत रूप से सवारी सम्मिलित होने वाली 70 भजन मंडलियां चल समारोह में प्रभु का गुणगान करते हुए व अपनी सेवाए देती हुई चलेंगी। भजन मंडलियों के बाद नगर के साधू-संत व गणमान्य नागरिक, पुलिस बैंड, नगर सेना के सलामी गार्ड की टुकड़ी, महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी व पुरोहितगण सवारी के साथ रहेगे। उनके बाद महाकालेश्वर भगवान (चंद्रमौलेश्वर) की प्रमुख पालकी, भारत बैंड, गरुड़ रथ पर शिव-तांडव, रमेश बैंड, नंदी रथ पर उमा महेश स्वरुप, गणेश बैंड, रथ पर होल्कर स्टेट मुखारविंद, आर.के.बैंड, रथ पर घटाटोप, रथ पर सप्तधान मुखारविंद के पश्यात राजकाल म्युजिकल ग्रुप बैंड व मनमहेश स्वरुप हाथी पर विराजित होंगे। शाही सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मप्र संस्कृति परिषद के माध्यम से भगवान महाकालेश्वर की सवारी में जनजातीय कलाकारों का दल भी सहभागिता करेगा। शाही सवारी में लालपुर, डिंडोरी जिले का आदिवासी धुलिया जनजाति गुदुम बाजा लोक नर्तक दल दिनेश कुमार भार्वे के नेतृत्व में पालकी के आगे भजन मंडलियों के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए चलेगा।

घरेलू शेयर बाजार की धमाकेदार शुरूआत

# ओपनिंग के साथ ही बना मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला सोमवार को भी जारी है। शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाते हुए कारोबार की शुरुआत की। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में मामूली गिरावट भी आई। इसके बावजूद दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, हीरो मोटोकॉर्प, आईटीसी और बजाज ऑटो के शेयर 2.24 प्रतिशत से लेकर 1.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओएनजीसी के शेयर 1.58 प्रतिशत से लेकर 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



बीएसई का सेंसेक्स आज 359.71 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 82,725.28 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव बनाने की कोशिश भी हुई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में मामूली गिरावट भी आई।

## न्यूज ब्रीफ

### सोमवती और भौमवती अमावस्या पर श्री काशी विश्वनाथ दरबार में उमड़ी भीड़



**वाराणसी :** धर्म नगरी काशी में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अमावस्या सोमवती और भौमवती अमावस्या पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। सोमवती और भौमवती अमावस्या के विशेष संयोग में लोग तड़के से ही गंगा तट पर स्नान के लिए पहुंचने लगे। ढ़िियाई गंगा में स्नान और दान पुण्य के बाद लोग बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के लिए कतारबद्ध होने लगे। लोगों ने अपनी बारी आने पर बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का दर्शन पूजन किया। वहीं, हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने खासकर दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालुओं ने भौमवती अमावस्या पर अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध और तर्पण किया। मोक्षतीर्थ मणिकर्णिकाघाट, दशाश्वमेध,सिन्धिया घाट, अस्सी, भदैनी, भैसासुर घाट के अलावा पिशाचमोचन स्थित विमल तीर्थ पिशाचमोचन कुंड पर तर्पण करने वालों की भीड़ दिखी। पंडे और तीर्थ पुरोहित कतार लगवा कर श्राद्ध कराते दिखे। गौरतलब हो कि सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है। माना जाता है कि अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित है। इस दिन पितरों का तर्पण किया जाता है। पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान के बाद लोग पूर्वजों को स्मरण करते है। इस बार भाद्रपद माह की सोमवती और भौमवती अमावस्या तिथि एक साथ पड़ने के कारण लोग उत्साहित रहे। गंगा स्नान करने के बाद लोगों ने अपने पितरों को काले तिल मिश्रित जल से अर्घ्य दिया।

### आआपा विधायक अमानतुल्लाह खान ने गिरफ्तारी की आशंका जताई, ईडी की टीम घर पहुंची



**नई दिल्ली :** दिल्ली में सत्तारूढ़ दल आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई है। उन्होंने दावा किया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम आज सुबह उनके घर पहुंची है। खान ओखला से विधायक हैं। उल्लेखनीय है कि विधायक खान दिल्ली वक्फ बोर्ड से संबद्ध मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन एजेंसी की जांच के घेरे में हैं। अमानतुल्लाह खान ने एक्स पर लिखा है, 'ईडी के लोग मुझे गिरफ्तार करने के लिए मेरे घर पहुंचे हैं।' प्रवर्तन निदेशालय ने उनके एक्स पोस्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि अंतरराष?ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.60 डॉलर यानी 0.78 फीसदी की गिरावट के साथ 76.33 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.53 डॉलर यानी 0.72 फीसदी फिसल कर 73.02 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### मीठी जंगल में आकाशीय बिजली से 30 बकरियां मरीं, नुकसान का आंकलन करेगी राजस्व टीम

**उत्तरकाशी :** मोरी क्षेत्र में ग्राम पंचायत नूराणु गांव के मीठी जंगल में बीती रात आकाशीय बिजली गिरने से 30 बकरियों की मौत हो गई। राजस्व टीम नुकसान का आंकलन करने में जुटी हुई है। तहसीलदार मोरी ने बताया कि सालरा निवासी सुभाष रावत ने दूरभाष पर सूचना दी है कि नूराणु गांव के मीठी जंगलों में बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से उसकी लगभग 30 बकरियां मर गई हैं।

## पश्चिम बंगाल में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश की संभावना

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता और अन्य जिलों में अगले 24 घंटों के लिए मौसम का पूवानुमान जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, कोलकाता में सोमवार सुबह से लेकर अगले 24 घंटों के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। सोमवार को कोलकाता का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक है। कोलकाता में आर्द्रता का स्तर अधिकतम 90 फीसदी और न्यूनतम 64 फीसदी के बीच रह हल्की बूंदाबांदी हुई है।

पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों जैसे हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, बर्दवान, पुरुलिया, बीरभूम, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग में भी अगले 24 घंटों के दौरान मौसम मिलाजुला रहने की संभावना है। इन जिलों में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें हो सकती हैं। तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है, और अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

खानापाड़ा भर्ती समारोह

## 23,956 संविदा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र

**गुवाहाटी :** राज्य के संविदा शिक्षकों को राज्य सरकार स्थायी नियुक्ति पत्र सौंपेगी। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा आज नियमित किए गए राज्य के 23 हजार 956 शिक्षकों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। खानापाड़ा में आयोजित शिक्षक भर्ती समारोह आयोजित किया जा रहा है। कुछ समय बाद मुख्यमंत्री डा. हिमंत बिस्व सरमा औपचारिक रूप से शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

उल्लेखनीय है कि ये शिक्षक नौकरियों के नियमित करने के संबंध में मांग उठाते रहे हैं। वे 2012 और 2018 में ही शिक्षक पद पर भर्ती हुए थे।

## आरजी कर कांड के खिलाफ कोलकाता में फिर रात भर किया धरना प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता के आर.जी. कर अस्पताल में पिछले महीने एक महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में एक बार फिर रात भर विरोध प्रदर्शन चला है। रविवार को हजारों लोगों ने एक विशाल रैली में हिस्सा लिया। इस रैली में फिल्म निर्देशक अपर्णा सेन, बंगाली फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियां और कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के अंत में प्रतिभागी शहर के व्यस्त एस्प्लेनेड इलाके में बैठ गए और घोषणा की कि वे सोमवार सुबह चार बजे तक वहां रहेंगे, ताकि सरकार पर इस जघन्य अपराध की तेजी से जांच करने और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाया जा सके। उसी के मुताबिक




प्रदर्शनकारी सारी रात बैठे रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान आधी रात के बाद भी वातावरण में क्रांतिकारी गीतों जैसे करार ओई लौहो कपाट, और 'वी शैल ओवरकम' की गूंज सुनाई दे रही थी।

अभिनेत्री देबलीना मुखर्जी ने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ न्याय के लिए यह आंदोलन और भी तेज होता जाएगा जब तक कि आरजी कर अस्पताल में हुए इस भयानक घटना के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा नहीं मिल जाती। हम समझते हैं कि कोर्ट और सीबीआई के माध्यम से एक कानूनी प्रक्रिया चल रही है, लेकिन हम तब तक इंतजार करेंगे जब तक कि यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। रविवार रात का यह प्रदर्शन 14 अगस्त को हुए 'वूमेन रिक्लेम द नाइट' कार्यक्रम की याद दिलाता है, जब डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की गई थी।

रैली के अलावा, शहर के अन्य इलाकों में भी दो अन्य रैलियां आयोजित की गई। इनमें से एक रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित की गई थी, जबकि दूसरी रैली एक प्रसिद्ध कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों और पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित की गई, जो सभी डॉक्टर के लिए न्याय की मांग कर रहे थे।

## पंजाब के किसानों ने चंडीगढ़ में डाला डेरा

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसान संगठनों ने चंडीगढ़ में डेरा डाल लिया। किसानों ने सोमवार दोपहर दो बजे से शुरू होने जा रहे पंजाब विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। जिसे देखते चंडीगढ़ में ट्रैफिक रूट डायवर्ट कर दिए गए हैं और कई सेक्टरों में चल रहे निजी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी कर दी गई है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और पंजाब खेत मजदूर यूनियन के बैनर तले किसान रविवार रात ही चंडीगढ़ के बीचोंबीच स्थित सेक्टर-34 के मैदान में एकत्र हो गए। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा धरना व रैलियों के लिए सेक्टर-25 का मैदान चिन्हित किया गया है। इसके बावजूद सेक्टर-34 में किसानों के पहुंचने से प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। सेक्टर 34 में पासपोर्ट कार्यालय के अलावा कई देशों की दूतावास के क्षेत्रीय दफ्तर तथा निजी क्षेत्र के कोचिंग सेंटर हैं। किसानों के सेक्टर 34 के मैदान में जमा होने से शहर के बीचोंबीच बसे सेक्टरों में आज सुबह से ही अफरातफरी का माहौल बन गया। किसानों के कूच को देखते हुए चंडीगढ़ तथा पंजाब की पुलिस को तैनात किया गया है। प्रशासन ने केवल 11 किसानों को विधानसभा जाने की अनुमति दी है। किसान ट्रैक्टरों पर मार्च करते हुए भारी संख्या में विधानसभा जाने पर अड़े हुए हैं।

## वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी, बिहार में सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी



**पटना :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने वंदे भारत एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार में सुरक्षा बढ़ाते हुए कई राज्यों के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर आगाह किया है। वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी का संदेश एक कर्मचारी के मोबाइल फोन पर आया है। रेलवे सुरक्षा बल ने इस धमकी को गंभीरता से लिया है। खासतौर पर वंदे भारत एक्सप्रेस की निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए हैं। किसी ने नार्दर्न फ्रंटियर रेलवे (असम) क्षेत्र में वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी का मैसेज व्हाट्स ऐप पर एक रेलकर्मी के पास भेजा है। इस कर्मचारी ने तत्काल यह सूचना वरिष्ठ अफसरों को दी। इसके बाद हाजीपुर जोन आरपीएफ के आईजी ने बिहार, झारखंड, भोपाल और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा है। इसमें धमकी के मद्देनजर सतर्कता बरतने का आदेश जारी किया गया है। रांची की विशेष शाखा ने भी झारखंड के सभी जिलों को पत्र भेजकर सतर्कता व सुरक्षा पर जोर दिया है।

## लगातार चौथे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी गिरी कीमत

एजेंसी


**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज की गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये से लेकर 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,090 रुपये से लेकर 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी आई है। भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में तेजी का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुए। एशियाई बाजारों आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।



अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,648.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 197.19 अंक यानी 1.13 प्रतिशत की छलांग लगा कर 17,713.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 41,483.67 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,376.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.13 प्रतिशत टूट कर 7,630.95 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,906.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,415 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.41 प्रतिशत उछल कर 3,457.20 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,678.33 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,705.61 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 155.38 अंक 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,492.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,233.74 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 318.35 अंक यानी 1.77 प्रतिशत लुढ़क कर 17,670.72 अंक तक गिर गया है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,824.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत फिसल कर 1,354.99 अंक के स्तर तक पहुंच गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मधुमेह विशेषज्ञ डॉ सौम्य सेन गुप्ता ने वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा को किया सम्मानित



**ज्योति पाठक :** झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह एवं थायराईड विशेषज्ञ के रूप में अपनी विशेष पहचान रखने वाले डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता की यह है विशेषता कि वे कुशल चिकित्सक के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों में अपनी बेहतर और उत्कृष्ठ चिकित्सा तथा जानकारी से लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ रोग के उपचार हेतु भी कारगर उपाय बताया है और इसी का यह परिणाम है कि श्री गुप्ता कुशल और बेहतर चिकित्सक के साथ-साथ अनुभवी और जानकार चिकित्सक भी हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि रोग के प्रति सतर्क करने के साथ-साथ बेहतर और कुशल चिकित्सा से लोगों को बचाव का भी कारगर उपाय बताते हैं और इसका सार्थक परिणाम यह है कि वे जिस राज्य में भी मधुमेह और थायराईड रोग पर परिचर्चा और अनुभव साझा करने के संगोष्ठी आयोजित हुआ करती है वहां श्री सेन गुप्ता की आवश्यकता अवश्य महसूस की जाती है और इसका सार्थक परिणाम भी सामने आता है। उपस्थित जनसमूह तथा चिकित्सागण भी इनकी बातों को सुनने और जानने के पश्चात इस बात के लिए सहमत होते हैं कि रोग है तो सार्थक ईलाज भी है। बस पहल करने की आवश्यकता है श्री गुप्ता बताते हैं कि हजारों मरीजों के ईलाज के दौरान यह सार्थक परिणाम सामने आया कि रोग है तो इसका निस्पादन भी है और आवश्यकता है तो बस हमें जागरूक रहने की। श्री गुप्ता पंजाब में आयोजित होने वाले संगोष्ठी में भी शामिल होने के लिए जायेंगे जो निश्चित तौर पर झारखण्ड के लिए एक गौरव और उपलब्धि की बात है। प्रख्यात मधुमेह चिकित्सक सौम्य सेन गुप्ता ने झारखण्ड से प्रकाशित मैट्रो रेज के कोल्हान प्रभारी बिनय मिश्रा को बेहतर समाचार कवरेज करने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया और कहा कि झारखण्ड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक मैट्रो रेज जनभावना और जनहित से जुड़े लोकप्रिय हिन्दी दैनिक निरंतर सफलता की ओर बढ़े यही उनकी शुभकामना है।

### चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर घास



**चक्रधरपुर :** पीच और चारकोल से निर्मित सड़क पर घास उगने की बात कल्पना ही करार दी जायेगी किन्तु चक्रधरपुर मुख्य सड़क पर इन दिनों घास उग आया है इस परिस्थिति को क्या नाम दें यह तो सड़क निर्माण करने वाले ही बता पायेंगे क्योंकि या तो सही ढंग से सड़क का निर्माण नहीं हो पाया या फिर इस निर्माण कार्य में उदासीनता बरती गयी, नहीं तो इस चारकोल से निर्मित मजबुत और टिकाऊ सड़क निर्माण के बजाय घास उगना क्या ब्यां करता है। इसी के फलस्वरूप यह कहा जा सकता है कि यह पब्लिक है, सब जानती है, अंदर क्या है, बाहर क्या है सब की है इसे पहचान।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**मांडर:** मांडर के सरकारी स्कूल में आदम फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना और रक्तदान के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था।

शिविर में स्थानीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों की मदद होगी। डॉ. परमेश्वर भगत ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया और समाज सेवा के इस कार्य की सराहना की। शिविर के समापन पर, उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और आदम फाउंडेशन के अध्यक्ष आसिफ खान तथा अन्य सदस्यों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में अदनान हुसैन और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान वासिम अकरम, सहनवाज हुसैन, अनामुल अंसारी, नकीब अंसारी, अंजर अंसारी, आफताब जुनेजा, जैद अंसारी, ओबेदुल्लाह खान, हाजी इस्तीयक अंसारी, सरताज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे। शिविर ने समाज में सकारात्मक प्रभाव पैदा किया और समुदाय को एकजुट किया।

### जनता को योजनाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकताः जीप सदस्य



**मांडर।** रविवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे पंचायत के ग्राम हातमा में 15वें वित्त आयोग निधि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य विनोदित तिग्गा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को मुख्य विकास योजनाओं से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। जिला परिषद ने कहा कि पथ निर्माण से ग्रामीणों और स्कूल के छात्र-छात्राओं को आने-जाने में हो रही परेशानियों से राहत मिलेगी। यह सड़क योजना लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी, जिसे आज साकार किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य का आभार व्यक्त किया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी, मुखिया प्रतिनिधि चमरा उरांव, उप मुखिया गफार अन्सारी, पवन गोप, उमेश गोप, पंचायत समिति सदस्य यूनुस अन्सारी, ग्राम प्रधान, पहान, गौतम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# हॉकी की तरह फुटबॉल में भी चमकेगा सिमडेगा जिला : संदेश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जलडेगा।** हॉकी की तरह फुटबॉल में भी चमकेगा सिमडेगा जिला। फुटबॉल खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन और सुविधा दिलाने का कार्य किया जाएगा। युवा झापा नेता संदेश एक्का रविवार को प्रखंड के सेमेरिया गांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। संदेश एक्का ने कहा कि सिमडेगा जिला को खेल नगरी के नाम से जाना जाता है, लेकिन सरकार की अनदेखी के कारण गांव में खिलाड़ियों को ना तो बेहतर संसाधन मिल रहा है और ना ही बेहतर सुविधा। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी खेल के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। और हर खेल के खिलाड़ियों को संसाधन और सुविधा देते हुए उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रतियोगिता में कोई भी टीम,



टीम भावना से खेलते हुए जीत हासिल करती है उसी तरह समाज की जीत के लिए भी सभी को संगठित रहना जरूरी है। और बेहतर खेलने वाले को अपना कैप्टन बनाने की जरूरत है। इससे पूर्व फाइनल मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित संदेश एक्का, झापा जिलाध्यक्ष मतियस बागे आदि ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच में कोम्बाकेरा ने दादाबेड़ा को 2 गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर इग्नासियुस लकड़ा, जोसेफ डुंगडुंग, अमृत चिराग तिर्की, अश्विन तिर्की,अनुज जयसवाल, अकाश साहू,अंकित सुरीन,राजू नायक, रसाल खलखो आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजा बड़ाईक, कृष्ण बड़ाईक, तुलसी बड़ाईक, अशोक लोहरा, आनंद लोहरा आदि का योगदान रहा।

# संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लेंः आईरिन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पाकरटांड़।** प्रखंड के सिकरियाटांड़ में संत मोनिका पर्व सह आयो पर्व का आयोजन किया गया। मौके पर फा सिलबानुस डुंगडुंग की अगुवाई में मिस्?सा पूजा हुई। फा सिलबानुस ने संत मोनिका पर्व की सभी लोगों को बधाई दी। उन्?होंने कहा कि संत मोनिका की तरह महिलाएं आदर्श मां बने। कार्यक्रम में मुख्?य रुप से झापा युवा नेत्री आईरिन एक्का उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि संत मोनिका महिलाओं की आर्दश मां है। कठिन परिस्थियों में भी आदर्श मां बनी और लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी। आज हम सभी को संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लेने की जरुरत है। उनके अनुसार महिलाओं को भी आदर्श मां बनने की जरुरत है। आईरिन ने कहा कि महिलाओं को समाज में आज भी पुरा सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें



गांव, समाज एवं घर परिवार में पुरा सम्मान मिलना चाहिए। महिलाओं एवं युवतियों को सम्मान देने के साथ उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि महिलाओं को सम्मान दें। उन्हें उनका हक और अधिकार दें। उन्?होंने महिला अत्याचार, महिला सुरक्षा पर भी चिंता जाहिर करते हुए महिला अत्याचार एवं महिला सुरक्षा को लेकर ठोस कानुन बनवाने की मांग की। कार्यक्रम में प्रचार जोन डुंगडुंग, अनुकरण लकड़ा, सुजीत, अमन खेस, अनिमा बिलुंग,अनुपा मिंज, ऐलिस डुंगडुंग, विजेता डुंगडुंग, सोनी, उर्मिला डुंगडुंग, कृति किड़ो, अरविंद डुंगडुंग, गिलाबर किड़ो, जॉर्ज डुंगडुंग, अलबिनुश डुंगडुंग, लेवनुस डुंगडुंग सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

# उत्पाद सचिव मनोज कुमार विभाग में बेहतर कार्य का कर रहे हैं सृजन

**बिनय मिश्रा**

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2007 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं अपने बेहतर कार्य के लिए पहचाने जाने वाले उत्पाद सचिव मनोज कुमार के द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात से ही इस विभाग में समस्याओं की जानकारी लेने के साथ-साथ उसे दुर करने की दिशा में सार्थक और व्यापक पहल किया जा रहा है जो निश्चित तौर पर विभाग के लिए उपलब्धि भरा कार्य है। श्री कुमार के द्वारा उत्पाद विभाग के चार-चार जिलों में एक साथ सामुहिक रूप से औचक निरीक्षण के दौरान क्रमवार जिला में सरकारी के द्वारा आवंटित दुकानों में किसी प्रकार की अनियमि×ाा न बरती जाय इस दिशा में भी काफी बेहतर पहल किया जा रहा है। फलाईंग स्कॉट के द्वारा चार जिलों में एक साथ जांच कर अनियमि×ाा की खोज भी की जा रही है जिससे कि विभाग के द्वारा मानक कार्यों के अनुरूप कार्य सम्पादित हो। यही नहीं अनियमि×ाा और शिकायत की जानकारी मिलने पर श्री कुमार के द्वारा तत्क्षण कार्यवाही किये जाने का ही यही प्रतिफल है कि वैसे दुकानदारों में हड़कंप है जो नियमों की अनदेखी कर मनमाने रवैये अपना रखा है। गौरतलब



हो कि श्री कुमार जहां भी जिस विभाग में पदस्थापित रहे हैं अपने कार्यों से विभाग को भरपुर विकास गति दी है और शिकायतों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई भी। वे इंजिनियर संवर्ग से आईएएस में चयनित हुए इसलिए विकास कार्यों में हमेशा उनकी गहरी रूची रही है। श्री कुमार बोकारो के उपायुक्त, धनबाद के नगर आयुक्त, कोल्हान के कमिश्नर भी रह चुके हैं। श्री कुमार कोल्हान आयुक्त के रूप में अपने पदस्थापना के दौरान बेहतर कार्यों के फलस्वरूप आज भी लोकप्रिय आयुक्त के रूप में पहचाने जाते हैं।

# टूटिकेल में नवनिर्मित चबूतरा सह स्टेज शेड का विधायक ने किया उद्घाटन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कोलेबिरा प्रखंड के टूटिकेल में स्टेज शेड सह चबूतरा का निर्माण विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के मद से किया गया।जिसके उद्घाटन करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें हजारो की संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से पादरी रेभ जे पी जे गुड़िया,फादर एल डिफॉन्स और फादर अनूप मिंज उपस्थित हुए। इस उद्घाटन समारोह में सभी अतिथियों का स्वागत जोरदार ढंग से नाच गान कर किया गया।तत्पश्चात चबूतरा का उद्घाटन विधायक कोनगाड़ी,पादरी रेभ जे पी जे गुड़िया,फादर एल डिफॉन्स एवं फादर अनूप मिंज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि आज हम सभी को राजनैतिक रूप से जागरूक होना जरूरी है।संबिधान द्वारा प्रदत्त अपने हक और अधिकार को समझना होगा।आज के हालात में हमारे समाज पर विरोधियों ने अपनी गिद्धदृष्टि लगा रखी है।समाज को तोड़ने के लिए नित नए नए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं।इस मामले में भाजपा पुरी तरीके से संलिप्त है।भाजपा आदिवासी एकता को तोड़ने के लिए ईसाई धर्म को मानने वाले आदिवासियों के खिलाफ झुठी एवं भ्रमित बातों को फैला कर इनके खिलाफ नफरत फैला कर आदिवासी एकता को तोड़ कर राजनीतिक लाभ लेना



चाहती है। इसके पश्चात आदिवासियों के अधिकार एवं सदियों से दखल के भुमियों और प्रकृतिक संसाधनों को छीनने का षड्यंत्र रच रही है।ताकि अपने पुंजिपति मित्रों को इसका लाभ दे सके। आदिवासी समुदायों के लिए भुमि एवं प्राकृतिक संसाधन सिर्फ सम्पत्ती मात्र नहीं है। आदिवासियों के लिए उनकी भुमि एवं प्राकृतिक संसाधन उनकी संस्कृति, पहचान, अस्तित्व और आजिविका के साधन हैं ,जिनके बल पर वे आज तक अपने नस्लों के संस्कृति, पहचान और अस्तित्व को बचाये हुए हैं। इतिहास गवाह है इसके लिए आदिवासी हर कुबार्नी देने के लिए सदैव से तैयार रहती है। आदिवासी समुदाय अपने विरोधियों के साजिशों को सदियों से समझते हैं और उसे नकाम करते रहे हैं। अगर ईसाई जबरदस्ती लालच या भरमा कर धर्मांतरण करा रहे हैं तो देश की आजादी के समय से ले कर आज तक इनकी जनसंख्या आबादी करीब 2.3 % ही क्यों है ?हमारा देश जाति, धर्म, भाषा, सांस्कृतिक और क्षेत्र के विविधताओं के बावजूद भी एक संगठित मजबूत राष्ट्र की पहचान है। जो हमारे देश का संविधान के कारण सम्भव हुआ है। जो हमें धार्मिक, बोलने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ हर क्षेत्र में संरक्षण के साथ समान रूप से उन्नति के शिखर तक पहुंचाता है ।इस मजबूत समृद्ध राष्ट्र को आज नफरत फैला कर अशांत एवं कमजोर करने का साजिश रचा जा रहा है।जिसमें देश के लोगों को धर्मांध में फंसाये रख कर आर्थिक असमानता लाने के लिए कई गलत नीतियों को लागू कर गरीबों को और गरीब तथा अमीरों को और अमीर बना कर पुंजिपतियों के हाथों गुलाम बनाने का साजिश रचा जा रहा है। जो राजनीति के रास्ते से हो रहा है ,जिसे राजनीति के रास्ते ही रोका जा सकता है। इस लिए सजग रहें और बुद्धिमानी से राजनीतिक निर्णय ले कर अपने देश के लोकतंत्र,देश की उन्नति और शांति को बचाएं।

सभा को पादरी रेभ जे पी जे गुड़िया,फादर एल डिफॉन्स तथा फादर अनुप मिंज ने भी संबोधित किया और एकस्वर में अपने समाज में फैले बुराइयों से बचने तथा किसी के बहकावे में नही आने की बात कही तथा अपनी मजबुती एवं समाज की भलाई के लिए अपनी एकता और अखंडता को बरकरार रखने का आह्वान किया।

*मौके पर कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग,15 सुत्री जिला सदस्य सह प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस क्लेमेंट टेटे,20 सुत्री अध्यक्ष लुथर सुरीन, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी,कांग्रेस युवा विधानसभा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग,संजय पॉल केरकेट्टा,संतोष केरकेट्टा,आल चर्चेस कोलेबिरा अध्यक्ष हेमराज डुंगडुंग,पादरी रेभ रोमलेन टिड, पादरी रेभ बतूएल लुगुन,पादरी प्रेम डांग, नमन लुगुन,बेलसाजर भुइयां, बिश्राम कुल्लु, निरल बागे,सुरेश कुडू, सैम टेटे,बिलकन होरो, रसियन बागे, जुलतन टोपनो, नयमन हेमरोम,युवा संघ सभापति सबन डांग, महिला सभानेत्री कुमंती डांग, सचिव महिमा डांग, कोषाध्यक्ष ग्रेस कंडुलना, जेनरल मंडली के प्रजुनुल लुगुन, लेबेयन डांग, अल्ब्रेट डांग, नयमन डांग, कोलेबिरा के आल चर्चेस के सभी पदाधिकारी गण सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हरिनगर राधे कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण के छठिहार पर हुआ रात्रि जागरण

**सरायकेला :** श्रीश्री 108 हरिनगर राधे कृष्ण मंदिर में शनिवार की रात्रि भगवान कृष्ण के छठिहार पर रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ। इसमें कृष्ण भक्त रातभर झूमते रहे। बता दें कि यह कार्यक्रम विकास समिति मीरूडीह द्वारा श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण में कराया गया था। भजन कलाकारों ने श्रीकृष्ण के छठिहार के अवसर पर सोहर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष मौजूद थे। कार्यक्रम उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह मौजूद थे।

पुरेंद्र ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों को हमेशा माताओं और बहनों के सम्मान और सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। साथ ही साथ समाज में कमजोर वर्गों के विकास और रक्षा के लिए भी तैयार रहना चाहिए। यही हमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में देखने सुनने को मिला है। पुरेंद्र ने कहा कि मीरूडीह बस्ती के विकास के लिए उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

### नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल को लिखे पत्र पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा

# दलमा के वन्यजीवों की जिंदगी से हो रहा है खिलवाड़

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी के किनारे बसे भुइयांडीह से सटे कल्याणनगर व इंद्रानगर के निवासियों को एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल) का हवाला देकर भेजे गए नोटिस के बाद गरमाई शहर की राजनीति पर रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चुप्पी तोड़ी। कहा कि उनके एनजीटी को लिखे पत्र पर लोग राजनीति कर रहे हैं। राजनीति करने वाले लोगों को उस पत्र को तीन-चार बार पढ़ना चाहिए। उसे समझने की कोशिश करनी चाहिए। बगैर समझे राजनीति करने वाले लोग केवल राजनीति ही करेंगे। श्री मुंडा रविवार को जमशेदपुर के एक होटल में मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वास्तव में इको सेसेंटिव जोन में वन्य जीव और प्रकृति के बिगड़ते हालात पर उन्होंने पत्र लिखा हैं, जो आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बन रहे हैं। दलमा के वन्यजीवों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। परिस्थियां बदल रही हैं। प्रकृति के सौंदर्य और उसके बिगड़ने से आपदा के संकेत मिल रहे हैं, जिसे लेकर एनजीटी को पत्र लिखा गया है। अब जिनकी फितरत केवल राजनीति करने की है, वे तो राजनीति ही करेंगे। प्रेस वार्ता में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, महामंत्री अनिल मोदी, नंदजी प्रसाद, प्रेम झा समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

**डॉ। अजय नोएडा के फार्म हाउस से जमशेदपुर की राजनीति करते हैंः सुबोध**

एनजीटी को लिखे पत्र का हवाला देकर बस्तियों को तोड़ने तथा बड़े लोगों को बचाने में मुंडा एवं विधायक सरयू राय के शामिल होने के डॉ। अजय कुमार के आरोप का रविवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने जवाब दिया। कहा कि एनजीटी ने जमशेदपुर के किसी घर को तोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया है। अर्जुन मुंडा ने स्वर्णरेखा नदी के किनारे बहुमंज़िला इमारतों के खड़ा होने तथा दलमा इको-सेंसिटिव जोन में अवैध गतिविधियां चलने पर चिंता व्यक्त की है। परंतु डॉ। अजय कुमार की सरकार ने बहुमंज़िला इमारतों को तो क्लीन चिट दे दिया परंतु इन्द्रा नगर- कल्याण नगर के 150 घरों को नोटिस पर नोटिस भेज दिया। कहा डा। अजय नोएडा के फार्म हाउस से जमशेदपुर की राजनीति करते हैं।



चुनाव सामने है तो जमशेदपुर में अवतरित हो गए हैं।

**सच सामने आई तो भड़ास निकाल रहे हैं अर्जुन मुंडा : डॉ। अजय**

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बयान पर डॉ। अजय ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अर्जुन मुंडा की करतूत अब सबके सामने है तो वे ओछी व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे हैं। डॉ। अजय ने कहा कि जमशेदपुर की जनता उनके बारे में जानती है और वे उनके सीएम बनने के लालच के बारे में भी जानती हैं, जब उन्होंने बीच में (2011) जमशेदपुर सांसद की सीट छोड़ दी थी। कुछ बड़े कॉरपोरेट्स को लाभ पहुंचाने के लिए एनजीटी को लिखे उनके पत्र की सच्चाई को अब जमशेदपुर के लोग जान गए हैं। जो सवाल मेरे द्वारा उठाए गए उसका जवाब नहीं देकर सिर्फ व्यक्तिगत ओछी टिपण्णी इस बात का प्रतिक है सवाल बहुत तीखे हैं और जवाब उनके पास नदारद है।

**लोगों से सुझाव लेकर घोषणा पत्र तैयार करेगी भाजपा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) तैयार करने से पहले राज्य में विभिन्न वर्ग के लोगों से सुझाव लेगी। इसके लिए प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक व्यापक पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप पर भी लोगों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के पहले जो संकल्प पत्र जारी करती है, वह जनता की आकांक्षाओं का ही प्रतिविंब होता है। हम उनकी विचारों और मांगों को ही अपना संकल्प बनाते हैं और उसके अनुसार अपनी सरकार की दिशा तय करते हैं। राज्य के प्रत्येक प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर पर जाएंगे और हर वर्ग की जनता से संवाद करेंगे। युवा, महिला, किसान, सरकारी कर्मचारी, श्रमिक, व्यापारी, छात्र सभी वर्ग की समस्याओं और उनकी मांगों पर चर्चा की जाएगी। लोग अपनी बातें लिखित रूप से सुझाव पेटी में भी डाल सकते हैं। इसके बाद जो संकल्प पत्र जारी होगा, वह वास्तव में जनता का घोषणा पत्र होगा। लोग व्हाट्सएप नंबर पर भी अपने सुझाव भेज सकते हैं।

**झारखंड का समग्र विकास ही भाजपा का लक्ष्य है**

श्री मुंडा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य झारखंड का समग्र विकास करना है। इसे लेकर संकल्प पत्र बनाया जा रहा हैं, जिसमें प्रत्येक वर्ग की जनता के सुझाव होंगे, ताकि प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण विकास हो सके। राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को इस कार्य से जोड़ना ह।। इसे लेकर भाजपा गांव-गांव संवाद कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही झारखंड को अस्तित्व में लाया। झारखंड की आकंक्षाओं को दूसरे राजनीतिक दलों ने समझने की कोशिश नहीं की। भाजपा अब जनता की आकंक्षाओं की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए चुनाव मैदान में उतरेगी।